यह हस्ती के चमन में चार दिन के बेल बूटे हैं ।
प्रभु का प्यार सच्चा हैं वाकी सब प्यार झूठे हैं ।।३९३।।
लान्त है उसकी हशमतों जाहों जलाल पर ।
जिसको तरस न आवे गरीबों के हाल पर ।।३९४।।

१–सींप २–जिद

क्या मजा जलने में हैं परवाने से पूच्छ ।
क्या मजा भक्ति में हैं परवरदिगार के दिवानों से पूंच्छ ॥३९५॥
मिल कर चलों तो यों चलों जैसे रुई कपास ।
जीते जी भी तन ढके मरे न छोड़े साथ ॥३९६॥
तुमे इतनी तो ताक़त है कि मेरे सर को उड़ा दो ।
बहादुर तुमको में तब समझू धर्म जो छुड़ा दो ॥३९७॥
अपने धर्म में हर शख्स बहाल अच्छा है ।
नाकिस हो मगर घर का ही माल अच्छा है ॥३९८॥
जगत में नार पतिवृत्ता पति पर प्राण देती है ।
उसे तजगैर सङ्ग सोवे तो वोह सारी रात रोती हैं ॥३९९॥
मुहब्बत रंग दे जाती है जब दिल दिल से मिलता है ।
मगर मुश्किल तो यह हैं कि दिल बड़ी मुश्किल से मिलता है ।४००।
शरीफ इन्सान वोह हैं जो शरीफों का चलन समझें ।
पराई मां बहिनों को खास अपनी मां बहिन समझें ।४०१॥
बनाये है जो खुद कानून खुद उन पर नहीं चलते ।
चलाते हो मगर उलटे कभी खजर नही चलते ॥४०२॥
जो उसके भक्त हैं उनको वोह हर सूरत में मिलता है ।
है जैसा जिसका दिल उसको उसी सूरत मे मिलता है ॥४०३॥
सबने मिल चावल पकाये फिर भी कच्चे रह गये ।
सारे शयर चल बसे 'बेइल्मी सारे रह गये ॥४०४॥
जो खालिया जो दे दिया वोह धन धनो का है सेही ।
धन लादकर परलोक मे क्या ले गया कोई कही ॥४०५॥
किया इस देश को बरबाद आपस की हर खाई ने ।
दिलों में वैर पैदा कर दिया अपनी पराई नें ॥४०६॥
अन्न धन मांगन के समय मे बिरथा गवांना छोड़ दो ।

पहले भूखों को खिलाओ अपना खाना भी छोड़ दो ॥४०७॥
दिखाकर आंख शाही को बस बरबाद होना हैं ।
न जब तक एक हो जाओं नहीं आज़ाद होना हैं ॥४०८॥
भूख से मरतों को देता अन्न का दाना नहीं ।
राज्य क्या ? जिसने प्रजा के दुःख को जाना नहीं ॥४०९॥
मर मिटूं स्वाधीनता के वास्ते अंजाम में ।
पर न अब पीछें हटूंगा मैं किसी भी परिणाम में ॥४१०॥
बूढापे का किया घोरोत्साह बोह जाता है पानी में ।
धर्म जनसेवा भी करनी चाहिए जवानी मे ॥४०११॥
देश भक्ति का येह दंम भरना नही अहसान हैं ।
धार येह खोडे की है जोखिम में हरदम जान है ॥४१२॥
जहां के नेक बन्दों में लिखा नाम तुम्हारा हो ।
तुम्हारी देशभक्ति का सदा रोशन सितारा हो ॥४१३॥
मन के चक्कर में हैं जब तक आफ़ते हटती नहीं ।
कर्म आधीन आत्मा की बेडियां कटती नहीं ॥४१४॥
हर बशर इसका मुजस्सम शिकवाएं तकदीर हैं ।
पत्ता पत्ता इस चमन का दर्द की तसवीर हैं ॥४१५॥जल्यांवाला बाग अमृतसर
न शादां है कोई जग में येह दुनियां देखी भाली हैं ।
न कोई भी बशर ऐसा जो रंजों गम से खाली है ॥४१६॥आरस्तु
नाज़ुकी उन पे फ़िदा होती हैं जो यूं फरमाते हैं ।
फर्शे मख़मल पर मेरे पैर छिले जाते हैं ॥४१७॥ टीपू सुल्तान
जब मिले जिस से मिलों ।
दिल खोल कर दिल से मिलों ॥४१८॥
एक आहा करे एक बाहा करे एक हंसता हैं एक रोता हैं ।
जो कर्म मे है बोह मिलता हैं जो कर्म करे सो होता हैं ॥४१९॥

आँख बन्द मति मन्द हैं अन्धा सब संसार ।
विष का प्याला हाथ में अमृत का करे विचार ॥४२०॥

आज इसकी हैं तो कल वोह दूसरे की यार हैं ।
जब तलक पैसा हैं तब तक वेश्या का प्यार हैं ॥४२१॥

औरत को मत देखों आँख, कान नीचे से गुल खिलेगा ।
इश्क का खंजर भड़क कर शोले दिखायेगा ॥४२२॥

याद रख दुःख पायेगा दुनियाँ में खोटे कर्म सें ।
घर का सुख देवी से हैं परलोक का सुख धर्म से ॥४२३॥

बुरे भले की किसी को यहाँ तहमीज नहीं ।
येह जान देते हैं उस पर जो कोई चीज नहीं ॥४२४॥

पड़े हैं जहिरी रुप और रंग के पीच्छे ।
है जैसे दौड़ते बच्चे पतंग के पीच्छे ॥४२५॥

फिर मुक्कों लातों की मार खायेगा ।
दुनियाँ की नजरों में तिरस्कार पायेगा ॥४२६॥

यहाँ कर्त्तव्य के कारण, कर्म से हर बात होती है ।
समय पर दिन निकलता है समय पर रात होती हैं ॥४२७॥

स्वर्ग के मिलने का येह ढग और येह युक्ती नहीं ।
जाति की सेवा करो, सेवा बिना मुक्ति नहीं ॥४२८॥

उससे जो व्यपार करते हैं उन्हें टोटा नही ।
दाम तुम समझों खरे है माल गर खोटा नहीं ॥४२९॥

बेबसी फाका गरीबी दुःख दर्द सब कट गया ।
क्या कमी हैं फिर जो उसके साथ सौदा पट गया ॥४३०॥

डूबने जाते हो खुद ही कूद कर मंझधार में।
सुख से रहना ही नहीं तुम चाहते संसार में ॥४३१॥

दःख भी सुख देगा समझ जाओगे अपनी भूल तुम।
पाओगे दुनियां के हर कांटें पे फिर एक फूल तुम ॥४३२॥

उसका हाजत मन्द निर्बल भी अभिमानी है।
जितना वोह धनवान है उतना ही वोह दानी भी ॥४३३॥
–कर्ण के विषय में

वोह किसी को अपने दरवाजे से पलटता नहीं।
हाथ खाली आदमी आता है पर जाता नहीं ॥४३४॥–दानी कर्ण

फिर तो भारत मिट गया बरबाद संसारी हुएँ।
जब ब्राह्मण और साधु भी दुराचारी हुए ॥४३५॥

येही रोना येही आफत वेही दुःख दम वादम होगा।
कामीनी मूजियों निकलों न तुम होंगी न गम होगा ॥४३६॥

बस इतना चाहिये सिद्धि मेरी तकदीर हो जाये।
रहम की एक नज़र किजे कि खाक भी अकसीर हो जावे ॥४३७॥

उन्हीं से पाया उन्हीं का है सब कुछ
उन्हीं पे जो कुछ वार दूं मैं
कलेजा क्या हैं जो नाथ मांगे
तो अपना सर तक उतार दूं मैं ॥४३८॥

सुबह होते दारा के सिर पर ताज था।
शाम हुई न सिर था न ताज था ॥४३९॥

औरंगजेब ने खड़ा होकर बड़े भाई क सिर कटवा दिया ।
चार टुकड़ों में चिरींजों के सामने फैंकवा दिया ॥४४०॥

अमीरी की तो ऐसी की सारा घर लुटा बैठे ।
फकीरी की ऐसी की खुदा के घर जा बैठे ॥४४१॥

ऐ मुसाफिर इश्क करना गर तुझे मंजूर हैं ।
इश्क कर उस नूर से जिस नूर का येह नूर है ॥४४२॥

न समझों रोग को मामूली, न समझों आग को कम ।
न समझों पाप को छोटा, न समझों शत्रु बेदम ॥४४३॥

किस काम की नदी वोह जिसमे नहीं रवानी ।
जो जोश ही न हो तो, किस काम की जवानी ॥४४४॥

निगाहें ढूंढती हैं तुझको किस पाक रूह में निहाँ है तू ।
मेंरी खलवत की फिजां उदास हैं तुझ वगैरह कहाँ हैं तू ॥४४५॥

करो दुनियां से गर दिल को जुदा यारों जुदा यारों ।
नजर आने लगे तुमको खुदा यारों खुदा यारों ॥४४६॥

उन्हें क्या खौफ हैं कि जिस पर पुण्य मेहरवां होवें ।
न होवें बाल भी बाकां कि दुश्मन कुल जहान होवे ॥४४७॥

हाथ पसारे रह गये बड़े बड़े प्रवीण ।
किस्मत जब उल्टी हुई, हो गये तेरह तीन ॥४४८॥

जो अहिंसा से नहीं रंगता है अपने पाक दामन को ।
सदा उपर उठाती हैं अहिंसा उसके जीवन को ॥४४९॥

महापुरुषों से होता है सदा उपकार दु:खियों का ।
उन्हें ही तो सताता है हमेशा प्यार दु:खियों का ।।४५०।।

दुर्जनों की जीभ सचमुच ही नदी की धार है ।
स्वच्छ सब ऊपर से अन्दर भीम मग भण्डार है ।।४५१।।

छेड़िये तो उसको जिसका अस्त्र तीर कमान है ।
पर उसे मत छेड़िये जिसका कि अस्त्र ज़बान है ।।४५२।।

सब गुज़र जाते हैं दुनियाँ से गुजरने वाले ।
जिन्दा रहते हैं फ़क्त धर्म पर मरने वाले ।।४५३।।

मरते मरते कह गये लुकमान से दानाँ हकीम ।
दर हकीक़त मौत की यारों दवा कुछ भी नहीं ।।४५४।।दाना हकीम

संभल आना नहीं मुश्किल कज़ा के तीर के आगे ।
नहीं तदबीर चल सकती कोई तक़दीर के आगे ।।४५५।।

जो अहसान करके जिताने लगे ।
वोह अपने किये को मिटाने लगे ।।४५६।।

मौत हो सन्मुख खड़ी सिर पर खड़ा हो काल भी ।
सिर तो क्या झुकना, नहीं झुकनेका सिर बाल भी ।।४५७।।

-हकीक़त राय

है दुनियाँ में रिश्ता जिनका, मैं नहीं उन रिश्तेदारों में ।
जो धर्म के साथ मखौल करें मैं नहीं हूँ उन गद्दारों में ।।४५८।।

तूने भेदभाव की उठती दीवारों को गिरा दिया ।
ऊँच नीच का भेद हटाकर दानवता को हिला दिया ।। ५९।।

—भगवान महावीर स्वामी

बन बन के बिगड़ जाते हैं कैसे ।
दिन ऐश की घड़ियों में गुज़र जाते हैं कैसे ॥४६०॥

(सिकन्दर शहनशाह और आत्मावादी का सम्वाद)

तू शहनशाहा है मैं दरका गदा, है रूह एक तकदीरें दो ।
तू तख़्ते नशीन में ख़ाके नशीन, है वतन एक तामीरे[1] दो ।
तू ज़र नशीन में ज़रा ख़ाक, हैं असर एक तासीरे[2] दो ।
तू ज़ाहिर हैं मैं बातन हूँ, है ख़्वाब एक तावीरे[3] दो ।
तू बस्ती में, मैं जंगल में, है मुल्क एक जागीरे दो ।
तू गुले चमन में, मैं ख़ारे बहशत, है नक़ाश एक तसवीरे दो ।
तू फ़िक्र मन्द में दर्द मन्द दिल मयान एक शमशीरे दो ।
तू कलम बन्द मैं ज़बां बन्द, बन्दिश है एक ज़ंजीरे दो ।
तू माले मस्त मैं ख़्याले मस्त, है मरज़ एक तदबीरे दो ।
तू लेह में चूर में ख़ुद मे चूर, है एक तीर नख़्चीरे[4] दो ॥४६१॥

यूसफ़ ने कहा ऐ बारे ख़ुदा, बन्दा तेरा कौन है बन्दे के स्वा ।
हुक्कम हुआ बन्दा हमारा वोह जो ले सके और न ले बदी बदला ॥४६२॥

दिखा न जोशों ख़रोश इतना ज़ोर पर चढ़ कर ।
गये जहान में दरिया बहुत उत्तर चढ़ कर ॥४६३॥

गई गई जान दे रहीं रही ने राख ।
नहीं तो रही रही भी जायेगी गई गई के साथ ॥४६४॥

तेरे दम से ऐ गुरु गुलिस्तां भी शान हैं ।
मुर्दा दिलों में भी फ़ूकी तूने आकर जान ॥४६५॥

---

१ निर्माण २ असर ३ स्वप्न देखना ४ दिल, अनुवान

जिन्दा दिल हैं और तू हिम्मते मरदान हैं।
तेरा क़तरा क़तरा खूँ का कौम पर क़ुर्बान हैं ॥४६६॥

अर्शों उत्तरी कई किताबे नाले उतरा डण्डा।
कई किताबे कुज़ नहीं करदी, जो करदा सो डण्डा ॥४६७॥

भर यौवन में टैंट करी सत गुरु की संगत न कर सक्यां।
दान न दाम, न भगवान भजा झूठ की बात सदा अख्यां।
पर नारी को देख रखी अखियां तिन कारण।
राजन एव पड़ी सिर कूंटत हाथ घिसे मख्यिां ॥४६८॥

राजा ने मंत्री से पूछा मन्त्री ने जवाब दिया :—

होश उठता हैं कबाये गम पहनने के लिये।
जोश उठता है जवाहरलाल बनने के लिये ॥४६९॥

ज़माने में सभी प्रकार के हमने बशर देखे।
गुणी देखे मुनि देखे बहुत से बशर देखे।
दिलावर शूर्मा देखे हैं और शेर बबर देखे।
बहुत बेख़ोफ़ देखे, तुम से कम लेकिन निडर देखे ॥४७०॥

ज़माना बहुत देखा हैं बहुत सा जगत देखा हैं।
मगर तुमसा नहीं परमात्मा का भक्त देखा है ॥४७१॥

ब्रह्मचर्य में वोह बल हैं ब्रह्मचर्य में वोह सदाकत हैं।
ज़माने को वोह पलट दे, ब्रह्मचारी में वोह ताकत हैं ॥४७२॥

न शुभ कर्मों में प्रवृत्ति न प्रभु का जाप करते हैं ।
गृहस्थी नर्कगामी रात दिन ही पाप करते हैं ॥४७३॥

ज़बाँ से आप की ऐसा कोई फरमान हो जाये ।
कि जिससे हम अधम बशरों का कुछ कल्याण हो जाये ॥४७४॥

कोई नाराज़ होगा तो हमारा क्या छीन लेगा ।
कोई प्रसन्न होगा तो हमें वोह क्या बकशीस देगा ॥४७५॥

नक़्शे बातिल मैं नहीं, जिसको मिटाये आसमाँ ।
मैं नहीं मिटने का जब तक है बिनाये आसमाँ ॥४७६॥ –बर्क

दरिया को अपनी मौज की तुगयानियों[1] से काम ।
किश्ती किसी की पार हो या दरमियाँ रहे ॥४७७॥

रहेंगे न मल्लाह ! यह दिन सदा ।
कोई दिन में गंगा उतर जायेगी ॥४७८॥

कुछ पता मंज़िले मक़सूद का पाया हमने ।
जब यह जाना कि हमें ताकतों गुफ़तार नहीं ॥४७९॥

इतनी ही दुश्वार अपने ऐब की पहचान है ।
जिस क़दर करनी मलामत और को अहसान ॥४८०॥

चिउँटियों में इत्तहाद और मक्खियों में इत्तफ़ाक़ ।
आदमी का आदमी दुश्मन खुदा की शान हैं ॥४८१॥

है ताक़ में उकाब[2] तो शहबाज़[3] घात में ।
हमले से यां अजल के नहीं एक दम फराग[4] ॥४८२॥

---

१ लहरों से २ बाज ३ गिद्ध ४ फ़ुर्सत

इक सम्भलते हम नज़र आते नहीं।
वर्ना गिर गिर कर गये लाखों सम्भल ॥४८३॥

कब तक आखिर ठहर सकता है वोह घर।
आ गया बुनियाद में जिसकी खल्ल ॥४८४॥

मेरा रूपों रंग बिगड़ गया मेरा वक़्त मुझसे बिछड़ गया।
जो शजर खिज़ां से उजड़ गया मैं उसी की फसले बाहर हूँ ॥४८५॥

स्त्री का शेर है ऐसा मालूम होता है

हम और रक़ीब दोनों यकजां बहम न होंगे।
वोह होंगे हम न होंगे, हम होंगे वोह न होंगे ॥४८६॥

फतह वा शकस्त नसीबों की है वले ऐ मीर।
मुक़ाबिला तो दिले नातवां ने खूब किया ॥४८७॥

हज़ार दाम से निकला हूँ एक जुम्बिश में।
जिसे गरूर हो आये करे वोह क़ैद मुझे ॥४८८॥

फलक मशशाक[1] है फहम नया जलवा दिखाने में।
ज़मीं को देर क्या गुज़रे हुओं को भूल जाने में ॥४८९॥

सदियों फिलासफी की चुना चुनी रहीं।
मगर खुदा की बात जहां थी वहीं रहीं ॥४९०॥

समय बड़ा बलवान वो ही अर्जुन वो ही अर्जुन के बाण।
भीलां लूटी गोपियां और कृष्ण के निकले प्राण ॥४९१॥

मेरे सिवाय नज़र आये न कोई दोज़ख में।
किसी का जुर्म हो ? मालिक मुझे सज़ा देना ॥४९२॥

---

1 आदत

मुहब्बत ही ना जो समझे वोह ज़ालिम प्यार क्या जाने ।
निकलती दिल के तारों से, वोह झंकार क्या जाने ।
उन्हें तो कत्ल करना और तड़फाना ही आता है ।
गला किसका कटा क्यों कर कटा ? तलवार क्या जाने ।
करों फरियाद सर टकराओं अपनी जान दे डालों ।
तड़फते दिल की हालत हुस्न की दीवार क्या जाने ॥४६३॥
सीरत के हम गुलाम हैं सूरत हुई तो क्या ।
सुर्खों सफेद मिट्टी की मूरत हुई तो क्या ॥४६४॥
जमीं फलक बनी हैं अपने चिराग लेकर ।
कह दो आसमां से अपने दिये बुझा दे ॥४६५॥
दर्दे दिल पासे वफ़ा जज्बए इमां होना ।
आदमियत है यहीं और यही इंसान होना ॥४६६॥
ज़ेरे पायत गर बिदानी हाले मोर ।
हमचों हालो तस्त ज़ेरे पाये पील ॥४६७॥
मूलार्थः-तुम्हारे पाँव के नीचे दबी चिंटी का वोही हाल होता है ।
जो यदि तुम हाथी के पाँव के नीचे दब जाओं तो तुम्हारी कैसी ।
अवस्थान्तर वेदना होती है येह तुम विवेकपूर्वक विचार सकते हों ।
आहिस्ता खराम बल्कि मखराम ।
कि ज़ेर कदमत हज़ार जानास्त ॥४६८॥
मूलार्थः—धीरे धीरे चल बल्कि चले ही मत क्योंकि तेरे पाँवाओं ।
हजारों जाने हैं दयालुता की कितनी ऊँची भावनाएँ हैं ।
अभिप्राय यह कि:— दृष्टिगोचर करके चलों ।
सताये तुझको जो कोई बेवफ़ा बिस्मिल ।
तो मुँह से कुछ न कहना आहा कर लेना ॥४६९॥

हम शहीदे दाने वफ़ा का दीनों इमां और हैं ।
सिजदे करते है हमेशा पांव पर जल्लाद के ॥५००॥

जां मे सितां कि जां हमारा अजीज अस्त ।
हम्मोरी ब पील इक सानस ॥५०१॥

मूलार्थ-किसी की जान मत लो क्योंकि अपनी जान सबको प्यारी है । चींटी और हाथी में एक सी जान है ।

हज़ार गंज कनाअत हजार गंज करम ।
हाजार आता अत शुवह ॥५०२॥ शेख शादी

मूलार्थः—मनुष्य मजहब में ऊँचा हो हजार खजाने रोज़ दान करता हो हजारों रातें केवल प्रभु स्मरण में बिताये और हजारो ऐसे सिजदा करे कि हर एक सिजदा में हजार नामाज पढ़े लेकिन अगर वह किसी को तकलीफ़ देगा तो उसके उपरोक्त काम खुदा को कभी स्वीकार नहीं होंगे ॥

अल्खल्क़ु इयालु अल्लाहि फ़ा दुब्बुल खल्क़ ।
इला अल्लाहि मन हसन इला इयालि ही ॥५०३॥ हदीस

मूलार्थ- सब प्राणी भगवान के कुटुम्बी हैं अतः भगवान के लिए सब प्राणियों के साथ अतिसुन्दर बर्ताव करो जैसा कि अपने कुटुम्बियों के साथ करते हो ॥

फरिश्ते से बेहतर है इन्सान बनना ।
पर इसमें मेहनत है जरूर यादा ॥५०४॥

कहे एक जब सुन ले इन्सान दो।
ख़ुदा ने ज़ुबां एक दी कान दो ॥५०५॥

रिचिवर ख़ुद मपसदी।
विदि मरां मपसद ॥५०६॥ शेख शादी

मूलार्थ—सेवा द्वारा किसी के दिल को जीत लेना सबसे बड़ी विजयोल्लास है।

हज़ार गज़ कनाग्रत हज़ार करम हज़ार आत ग्रत शुबहा॥
हजार वेदा हजार महर न महरदारा।
हज़ार नमाज कबूल ने सागर ख़ातर व्याजारी ॥५०७॥

मूलार्थ—मज़हब मे ऊँचा हो हजार ख़ज़ाने रोज दान करता हो, हजारों राते केवल प्रभु स्मरणार्थ में बिताये और हजारों ऐसे सिजदा करे कि हर एक सिजदा मे हजार नमाज पढ़े लेकिन अगर वह किसी को तकलीफ देगा तो उसके उपरोक्त काम ख़ुदा को कभी भी स्वीकार नहीं होंगे॥

दुनियाँ में गुज़री हुई मुझ से कोई चीज़ नहीं है। लखा सिंह

सिलवटे से जो पिस जाये कशनीज़[1] नहीं है।
मुफलीस हूँ बेशक हूँ हिम्मत रहे आली।
बिलोर से बेहतर है मेरा जाम[2] सफाली ॥५०८॥

बे[4] जरी का ना कर गिला गाफिल।
रख तस्सली के यूँ मुक़द्दर था।
हज़ारों मुमन[3] जहाँ से गुज़रे।
हाथ खाली कफन से बाहर थे ॥५०९॥

१—धनियाँ २—बतंन ३—आदमी ४—बेबस

दिल बिदस्त आवर कि हजि अकबर अस्त ।
किज हजरां कअबा यक दिल बिहतर अस्त ।
कअबा बुनगाहि खलीली आजर अस्त ।
दिल गुजर गाहि जलीली अकबर अस्त ॥५१०॥

मूलार्थ—किसी के मन को जीत लेना यही हज और तीर्थ यात्रा है। क्योंकि हजारों कअबा तीर्थ से एक दिल बेहतर होता है। कअबा तो इब्राहिम खलील अल्लाह (प्रभु मित्रा) जो आजर के पुत्र थे उनका निवास स्थान था किन्तु दिल तो स्वय परमसुन्दर भगवान का या परवदिगार अति कोमल लीला क्षेत्र अन्त:करण हैं ॥

उन्हें यह फ़िक्र हैं हरदम, नई तरजे जफ़ा क्या है।
हमें यह शौक़ हैं देखें, सितम की इन्तहा क्या हैं ॥५११॥

गैर से क्यों खफ़ा रहे चर्ख का क्यों गिला करे। भगत सिंह
सार जहां से अई सही आओ मुकाबला करें ॥५१२॥

कोई दम का मेहमां हूं ऐ अहले महफ़िल।
चिरागे सहर हूं बुझा चाहता हूं ॥५१३॥

मेरी हवा में रहेंगी खयालों की बिजली।
येह मुश्ते खाक है फानी रहे ना रहे ॥५१४॥

अच्छा इजाजत ? खुश रहो अहले वतन ? ।
हम तो सफ़र करते हैं हौसले से रहना ॥५१५॥

अमर-शहीद सरदार भगतसिंह का अन्तम शेर।
मतरंजा कर किसी को कि अमले तो एतक़ाद।
दिल ढाए कर जो कअबा बनाया तो क्या हुआ ॥५१६॥

मूलार्थ - सहानुभूति और अहिंसा की इसी वृत्ति ने बन्धुत्व दया न्याय सहिष्णुता आदि गुणों का विकास न किया और मनुष्य दूसरे प्राणियों से विशिष्ट बन सकने का कारण यही है कि विवेक और अनुष्ठान करने की उत्क्रान्ति मानव के अन्त करण में विद्यमान हैं।

दर्दे दिल के वास्ते पैदा किया इन्सान कों। गालिब
वरना ताअत के लिये कुछ कम न थे कररेब्बियाँ ॥६१७॥

मूलार्थ—प्रेम और सहानुभूति है ज्ञान विज्ञान को बटोर कर वोह कंचन का साँप नहीं बनना चाहता, उसे तो सभी उन्नति में अपनी उन्नति की प्राप्ति करनी है उसका कर्त्तव्य बहुत विशाल और ओजस्वी है।

हज़ारों ख्वाहिशे ऐसी की हर ख्वाहिश पे दम निकले।
बहुत निकले मेरे अरमान लेकिन फिर भी कम निकले ॥५१८॥

जिहाद उसको नहीं कहते कि होवे खून इन्सां का।
करे जो कत्ल अपने नफ़ से काफ़िर को वोह गाज़ि[1] हैं ॥५१९॥

फ़कीरों की निगाहओं में अजब तसीर होती है।
निगाहएँ कर्म से देखे तो खाक भी अक्सीर होती हैं ॥५२०॥

सामाया हैं जब से तू नजरों मे मेरी।
जिधर देखता हूँ उधर तू ही तू है ॥५२१॥
गुलशन में सुबाह को जुस्त जू तेरी हैं।
बुलबुल की ज़बाँ पर गुफ़्त गूं तेरी है ॥५२२॥
हर रंग में जलवा है तेरी ही कुदरत का।
जिस फूल को सूंघता हूँ बू तेरी हैं ॥५२३॥–दबीर

१–जीत कर आना २–अख़्तर

क्या देखते हो, खीच लो फोटो खड़े खड़े ।
हमने भी यार काम किये हैं बड़े-बड़े ॥५२४॥

खंजर चले किसी पे तड़फते हैं हम अमीर ।
सारे जहां का दर्द हमारे जिगर में है ॥५२५॥

दर्दे दिल के वास्ते पैदा किया इन्सान को ।
आदमी को भी मय्यसर नही इन्सां होना ॥५२६॥ -ग़ालिब

जानवर आदमी फरिश्ता खुदा ।
आदमी की हैं सैकडों किस्मे ॥५२७॥ -हाली

वोह कौन सा उकदा है जो वा हो नही सकता ।
हिम्मत करें इन्सान, तो क्या हो नहीं सकता ॥५२८॥

मेहजद में अल्लाह खडा और जगह क्या खाली पड़ा ।
जिधर देखो उधर खुदा नामाज़ की दरकार नही बाबा ॥५२९॥
तीस दिन तो रोजों के और दिन क्या चोरों के ।
एक जनार्दन का बन्दा जमीन आसमां भरा है खुदा ॥५३०॥

मरने की कीमत जिन्होंने उस दिन नहीं विगाड़ी थी ।
उस दिन इन्सानों ने वक्षों के रूख छाती तानी थी ॥५३१॥

नर थे नारियां भी थी रक्त दान था होली थी ।
यों शक्ल सार्थक समर्थ हमने तेरी जय बोली थी ॥५३२॥
बिखरे केश की बिखरे वैभव क्या अलमस्ते जवानी थी ।
रक्त रक्त पर उत्तर रही थी, ऐसी अमर कहानी थी ॥५३३॥

सेठ जी को फिक्र थी इक इक के दस दस कीजिये ॥
मौत आ पहुँची कि हज़रत जान वापस कीजिये ॥५३४॥
अकबर

न देखा वोह कहीं जलवा जो देखा खानाए दिल में । ज़फर
बहुत मस्जिद में सर मारा बहुत सा ढूंढ़ा बुत खाना ॥५३७॥

जिसको न निज गौरव तथा निज देश का अभिमान है ।
वोह नर नही नर पशु निरा हैं और मृतक समान हैं ॥५३८॥

खुश रहना खुश रखना जीना और जिलाना ।
नाथ ? मेरे जीवन का बस एक यही हो गाना ॥५३९॥

संसार क़यामत के दहाने पे खड़ा हैं ।
रावण तो हज़ारों हैं मगर राम कहाँ हैं ॥५४०॥

मत बिजली का लम्प जला रे ।
आंखें फूट जायेगी प्यारे ॥५४१॥

हर इक मकाँ जला फिर दिया दिवाली का ।
हर एक तरफ को हुआ उजाला दिवाली का ॥५४२॥

सभी केजी को समां भा गया दिवाली का ।
अजब बहार का है दिन बना दिवाली का ॥५४३॥

रात यह कैसी सुहानी आ गयी ।
जर्रे जर्रे में जवानी आ गयी ॥५४४॥

भूलने वाली नहीं हैं इस की याद ।
कह रहे हैं सब दिवाली जिन्दाबाद ॥५४५॥

कुछ ऐसा लग रहा है जैसे शमा की लो से ।
लिखा हो रोशनी ने अपना कोई फसाना ॥५४६॥

या रात जग गई हो उम्मीद ख्वाब लेकर ।
या लूट गया है शायद कारुन का खजाना ॥५४७॥

कहने को यूँ जहाँ में हज़ारों हैं यार ।
मुश्किल के वक्त एक है परवरदिगार दोस्त ॥५३५॥

ऐ अमीर, बन्दों से काम कब निकला ।
माँगना जो हैं ख़ुदा से माँग ॥५३६॥
गान्धी की भी दुआएँ या रब असर दिखाएँ ।
हो राम राज फिर से पुर लुत्फ़दिन वोह आएँ ॥५४८॥
घी के चिराग घर घर अहले वतन जलाएँ ।
मस्ती में आ के इशरत[1], इशरत के गीत गाएँ ॥५४९॥

न हो जिसमें अदब और जो किताबों से लदा फिरता ।
ज़फ़र उस आदमी को हम तसव्वुर बैल करते हैं ॥५५०॥ ज़फ़र
हो फरिश्ता भी तो इन्साँ ।
दर्द थोड़ा बहुत न हो जिन मे ॥५५१॥ हाली

फरिश्ते से बेहतर हैं इन्सान बनना ।
मगर इसमें पड़ती हैं मेहनत जियादा ॥५५२॥ हाली
इश्क़ के रुतबे के आगे आसमाँ भी पस्त हैं ।
सर झुकाया हैं फरिश्तों ने बशर के सामने ॥५५३॥ नसीक

फ़ना कैसी बक़ा[2] कैसी जब उसके आशना ठहरे ।
कभी इस घर में आ निकले, कभी उस घर में आ ठहरे ॥५५४॥
अमीर

१-आराम २-हमेशा रहने वाली ।

पराई आग में पड़ कर कभी दिल को जलाया हैं।
किसी बेकस की खातिर जान पर सदमा उठाया हैं।
कभी आसूं बहाएँ किसी की बदनसीबी पर।
कभी दिल तेरा भर आया है मुफलीस की गरीबी पर।
शरीके दर्दे दिल होकर किसी का दुःख बँटाया है।
मुसीबत में किसी आफत जदा के काम आया हैं ॥५५५॥

कुछ नहीं बाकी रही अपने पराये की तह्मीज।
इस मराएँ बेखुदी में कोई बेगाना नही ॥५५६॥

लगा कर पेड़ फूलों के किये तकसीम गुलशन में।
जमाया चान्द सूरज को सजाये क्या सितारे है ॥५५७॥

न सुनों गर बुरा कहे कोई न कहे गर बुरा करे कोई।
रोक लो गर गलत चले कोई, वख्श दो गर खाता कर कोई ॥५५८॥

बनी के चेहरे पर लाखों निसार होते हैं।
बनी जब बिगड़ती हैं तो दुश्मन हजार होते हैं ॥५५९॥

मत सता गरीब को गरीब रो देगा।
मालिक ने उसे सुन लिया तो जड़ से खों देगा ॥५६०॥

ढूढ़ते क्या हो गरीबों में निशानें जिन्दगानी।
लो सुनाते हैं हम अपनी दास्ताने जिन्दगानी ॥५६१॥

येह दिल हैं तेरा मक़सन तू बता कहाँ रहे।
येह तो आप ही का घर है जरा देखकर जलाना ॥५६२॥

न समझे उमर गुजारी बुते खुंख्तर को समझाते।
पीगल कर मोम हो जाता, अगर पत्थर को समझाते ॥५६३॥

शेर हो कर मत फ़िरो जगत में सवा सेर मिल जायगा कभी।
जो करता है बदी उसका सिर नीचा हो जायगा कभी ॥५६४॥

हज़ारों वर्ष में ऐसा मसीहा एक आया था। महावीर स्वामी
कि जिसने आदमी को आदमी बनाना सिखाया था ॥५६५॥

न ख़ुदा ही मिला न विसाले सनम।
न इधर के रहे न उधर के रहें ॥५६६॥

मज़ाहिब क्या? मुख़्तलिफ़ राहे हैं एक मंज़िल की।
और मंज़िल क्या हैं जहाँ सब कुछ होता हैं राहे नहीं होती ॥५६७॥

ज़िन्दगी तूफ़ान है अन्धी हैं।
जब गुजर जाती हैं ।
तब पता चलता है ।
कितनी रफ़्तार थी ।
तेज़ कितनी दौड़ गई ।
शेष क्या छोड़ गई ।
पीठ में दर्द हो घुटनों में पीड़ा श्वेत केश छोड़ गई ॥५६८॥

जो ज़ुल्म इन्सान करता है वोह हैवाँ कर नहीं सकता।
वोह कौन ऐसी जफ़ा हैं जो इन्सां कर नहीं सकता ॥५६९॥

दामे मादर कीजिये दामे कीजिये काम।
महिला का निरादर बुरा व्यवहार भाई के प्रति।

पहली बार आया था चूल्हा फ़ूकन मेरा नाम ॥५७०॥

ऐ इश्क़ अक्सर कौमों को खाके छोड़ा।
जिस घर से सर उठाया उसको बैठा के छोड़ा ॥ ७१॥

इश्क़ से जीवन बेक़रार हुआ बहारों से ये चमन हुआ।
सुन्दरताओं से जवान हुआ दो आंख की गलियों में गमन हुआ ॥५७२॥

ब्राह्मण और शेख में झगड़े यही है रात दिन के।
तेरी किताब कुछ नहीं तेरी किताब कुछ नहीं ॥५७३॥

जब गाँठ में पैसा होता जब पेट में रोटी होती है।
तो हर एक जर्रा हीरा है तो हर एक शबनम मोती है ॥५७४॥

जब पड़े पेट में रोटी।
तो फड़के बोटी बोटी ॥५७५॥

किस्मत की कुंजी तेरे पास थी।
अगर पास कर देता तो क्या बात थी ॥५७६॥

किताबों की कुंजी तेरे पास थी।
अगर खूब रट लेता तो क्या बात थी ॥५७७॥

गलतियाँ की नही जाती लतियाँ हो ही जाती हैं।
खुदा ने गलतियाँ बना के बड़ी भूल की है ॥५७८॥

इमान ही बदल जाता है लगे जो भूख तो डगमगाता है।
भरे जो पेट इन्सान का तो संसार जगमगाता है ॥५७९॥

मत जुल्म करो मत जुल्म सहो इसका ही नाम अहिंसा है।
बुज़दिल हैं जो वे ज़ान हैं जो उनसे बदनाम है अहिंसा ॥५८०॥

मेरी आँखों में तूफाने आतिश की रवानी है।
ज़बाँ में बारिशे रहमों करम शीरीं बयानी है ॥५८१॥

मेरी इक आँख में शोले है इक आँख में पानी है।
मुझे कुदरत ने बख़्शे हैं येह दोनों राज़े सुलतानी है ॥५८२॥

लुटा दो ज़र ग़रीबों पर कि वोह हक़दार है इसके।
उन्हीं के ज़रिये तुम पर येह ज़र के मिंही बरसते हैं ॥५८३॥

जितनी जितनी लोग जताते अपनी यारी मुँह से ।
उतनी उनकी खातिरदारी हम भी करते मुँह से ॥५८४॥

मुँह के मीट्ठे दिल के कड़वे अहले दुनियाँ में देख लिया ।
झूठी झूठी करते खु़शामद आके हमारी मुँह से ॥५८५॥

दिल में भरे हैं उनके लाखों बुगजों अदावत कीनो-निफाक ।
करते ज़ाहिर अपनी उल्फ़त और हम ख़्वारी मुँह से ॥५८६॥

कहते है कुछ करते है कुछ डरते रहिये इन से "जफ़र" ।
दुश्मने जाँ हैं दिल करते ज़ाहिरदारी मुँह से ॥५८७॥

ऐबों हुनर न पूच्छों तुम आदमी में क्या है ।
तुम मैं भी कुछ न कुछ है प्यारे हमीं में क्या है ॥५८८॥

जब तलक दम है रहेंगे यूँ ही गम साथ के साथ ।
देखना जायेंगे गम और येह दम साथ के साथ ॥५८९॥

ज़फ़र क्या पूच्छता है राह मुझसे उसके मिलने की ।
इरादा हो अगर तेरा तो हर जानिब से रस्ता है ॥५९०॥

न बद ख़्वाहों से कुछ होगा न होगा ख़ैर ख़्वाहों से ।
जो कुछ तक़दीर की अपनी हैं गर्दिश होने वाली अपनी ॥५९१॥

ताक़त नहीं फिरने की आदत लिये फिरती हैं ।
या सिर्फ मुझे मेरी हिम्मत लिये फिरती हैं ॥ ९२॥

हमीं में रंज भी हैं और राहत भी हमीं में हैं ।
जहन्नुम भी हमीं में हैं और जन्नत भी हमीं में हैं ॥५९३॥

कहीं मशहूर आकिल कहीं बदमस्त लालौक़ल ।
की हुशियारी भी हम में और ग़फ़लत भी हमीं में है ॥५९४॥

नहीं गैर अज़ अलाहूीं खैरवां तो और कुछ हरगिज़ ।
ज़फर शर भी हमीं में है शरारत भी हमीं में हैं ॥५९५॥

खाक का पुतला है इन्सां ऐ "ज़फर" उसके लिए ।
सरकशी अच्छी नहीं खाक़सारी चाहिए ॥५९६॥

हिसाबे उमर का बोह् अजब तरीका हैं ।
उमर बढ़ती है मगर वाक़ये में घटती है ॥५९७॥

मेरी ज़िन्दगी एक मिस्ले सफ़र है ।
जो मंज़िल पे पहुँचा तो मंज़िल बढ़ा दी ॥५९८॥

तिफ़्ली गई अलमते पीरी आयी हुई को ।
हम ताकते ही रह गये अहदे शबाब को ॥५९ ॥

सुबह दारा मुकट बन्ध शाही तख़्त पे था ।
शाम को ना दारा था ना मुकट था ना तख्त था ॥६००॥

सिर्फ उस वक़्त ख़ाक़ में ख़ून से लथ पथ था ।
चार टुकड़ों में उस समय विभक्त था ॥६०१॥

तड़फता है बशर जब सांस ख़ामोश होता है ।
भकड़ता है चिराग सुबह जब खामोश होता है ॥६०२

न मुलाज़िम साथ आयेंगे न चेले जायेंगे ।
न शाहें जायेंगे न शहा जायेंगे और अकेले ही जायेंगे ॥६०३॥

तू यां से जाके फिर नहीं रहने का हुक्मरां ।
है तेरी चन्द रोज हुकूमत यहीं तलक ॥६०४॥

क्या हुआ गर मिट गये अपने धर्म के वास्ते ।
बुलबुले कुर्बान होती हैं अपने चमन के वास्ते ॥६०५॥

खूब ढूंढ़ा देखा कुछ नज़र आया नहीं ।
आज तक अपने में हम ने आप को पाया नहीं ॥६०६॥

दुनियाँ में बला से अगर आराम न पाया ।
हमने यहीं पाया कि बुरा नाम ना पाया ॥६०७॥

हम न है माल के मोहताज, नज़र के मोहताज ।
है फ़क़त तेरी इनायत की नज़र के मोहताज ॥६०८॥

जिन गलियन में पहले देखी लोगन की रंग रेलिया थी ।
फिर देखा जो उन लोगन की सूनी पड़ी वोह गलियाँ थी ॥६०९॥

तदवीर को सौ तरह की तदवीर से बदलूँ ।
तक़दीर को किस तरह से तक़दीर से बदलूँ ॥६१०॥

अंग्रेज़ राज सुख साज़ सजे सब भारी ।
पर धन विदेश चला जाता है यही अति ख़्वारी ॥६११॥

ज़िन्दगानी पाकर हुआ सारा ज़माना बेख़बर ।
मौत भी आएगी इक दिन इस का किस को होश था ॥६१२॥

ज़िन्दगानी है अपने कब्ज़े में न अपने वस मैं मौत ।
आदमी मजबूर हैं और किस क़दर मजबूर हैं ॥६१३॥

जब दिल में दर्द होगा निकलेंगे आप आँसू ।
दामन में आग रखकर कैसे धूआँ छिपाएँ ॥६१४॥

क़ातिल का इरादा है बिस्मिल को मिटा देंगे ।
बिस्मिल का तक़ाज़ा हैं क़ातिल को दुआएँ देंगे ॥६१५॥

हमारी आँखों ने भीं तमाशा अजब, अजब इन्तख़ाब देखा ।
बुराई देखी भलाई देखी अज़ाब देखा सवाब देखा ॥६१६॥

अब न दिन अपना रहा और न रही रात अपनी ।
जब पड़ी ग़ैरों के हाथों में हर एक बात अपनी ॥६१७॥

लोग कहते हैं कि ज़माने में बदला है हम को ।
मर्द तो वोह हैं जो जमाने को बदल देता हैं ॥६१८॥

इन्सान मुसीबत में हिम्मत न अगर हारे ।
आसां से वोह आसां हैं मुश्किल से जो मुश्किल हैं ॥६१९॥

यक़ीं पैदा कर ऐ नादां यक़ी से हाथ आती हैं ।
वोह दरवेशी की जिस के सामने झुकती है मग़रूरी[1] ॥६२०॥

जिसने दिल खोया उसी को कुछ मिला ।
फ़ायदा देखा इसी नुकसान में ॥६२१॥

न दावे की जरूरत है न कोई रोक सकता हैं ।
किसी में फितरती जौहर जो हो वोह ख़ुद चमकता है ॥६२२॥

इश्क़ है एतबार के काबिल ।
हुस्न का एतबार कौन करे ॥६२३॥

हुस्न खुद ही इश्क़ का पहगाम हैं ।
आँख मेरी मुफ़्त में बदनाम हैं ॥६२४॥

तेरा हुस्न बेशक बड़ी चीज हैं ।
मेरा इश्क भी तो कोई चीज है ॥६२५॥

भली चीज हैं यां बुरी चीज हैं ।
मुहब्बत भी आखिर कोई चीज़ हैं ॥६२६॥

सितम बेगुनाहों पे आसां न समझे ।
तड़प जाइएँगा जो तड़पाएँगा ॥६२७॥

---

१ बादशाही

रोज़ नज़रों से गुज़रते हैं हज़ारों चेहरे ।
दिल के सामने मगर एक ही चेहरा ठहरा ॥६२८॥

होता हैं राजेदिलका भी पर्दा इसी से फाश ।
आँखें ज़ुबाँ नही हैं मगर बेज़ुबाँ नहीं ॥६२९॥

दर्द इश्क़ का दुनियाँ को बताया नही जाता ।
येह गीत हर एक साज़ पर गाया नहीं जाता ॥६३०॥

मुहब्बत की नहीं जाती मुहब्बत हो ही जाती ।
वोह शोला खुद भड़कता हैं वोह भड़काया नहीं जाता ॥६३१॥

न कुछ हम हँस के ही सीखें है न कुछ हम रोके सीखे है ।
जो कुछ थोड़ा सा सीखें है किसी के होके ही सीखे हैं ॥६३२॥

नज़रे बदल गई तो नज़ारे बदल गए ।
जब सुबह हो गई तो सितारे बदल गए ॥६३३॥

मुझे इसका गम नहीं हैं कि बदल गया ज़माना ।
मेरी जिन्दगानी है तुमसे कहीं तुम बदल न जाना ॥६३४॥

वक्त़ दो गुज़रे है मुश्किल हमको सारी उमर में ।
एक तेरे आने के पहले एक तेरे जाने के बाद ॥६३५॥

अजब निगाहों से साक़ी ने बन्दोवस्त किया ।
शराब बाद को दी पहले मबको मस्त किया ॥६३६॥

सीने की चोट दिल की पहलू की हाय चोट ।
खाएँ किधर की चोट बचाएँ किधर की चोट ॥६३७॥

असर लुभाने का प्यारे तेरे ब्यान में हैं ।
किसी की आँख में जादू तेरी ज़ुबान में है ॥६३८॥

खुदपरस्ती बुतपरस्ती से नहीं कम ऐ ज़फर ।
जिसने छोड़ी खु.दपरस्ती उसने बुतपरस्ती छोड़ दी ॥६३६॥

ज़फ़र आँखें कहे देती है तेरी रंजिश क्या छुपाता है ।
मर्ऐ उल्फ़त की कफ़ीयत छुपाये से नहीं छुपती ॥६४०॥

ज़फ़र ऐसी नहीं है कोई महफ़िल इस ज़माने में ।
जहाँ कुछ हर्फ़ गीरी और सुखन चीनी[1] नहीं होती ॥६४१॥

हम खु.द है खु.दा वोह नहीं हैं हम से जु.दा ।
जो जाने जु.दा वोह न पावे खु.दा ॥६४२॥

जो हैं रूप तेरा वोही है रूप मेरा ।
परदा पड़ा हैं बीच में, अगर यकी आये तो उड़ा दूँ ॥६४३॥

दुनियाँ के बज़ार मे चल कर आया एक ।
मिले बहुत पर अन्त मे रहा एक का एक ॥६४४॥

आदम को खु.दा कहूँ या खुद को खु.दा कहूँ ।
आदम खु.दा दोनों एक है किस को जु.दा की शकल कहूँ ॥६४५॥

आदम को खु.दा मत कहों आदम खु.दा नहीं ।
लेकिन खु.दा के नूर से आदम जु.दा नहीं ॥६४६॥

जो उस के भक्त है उनको वोह हर सूरत में मिलता हैं ।
है जैसा कि यकी उसको उसी सूरत में मिलता हैं ॥६४७॥

जिन्दगी हैं जब तलक फ़ूर्सत नहीं यहाँ से ।
दो घड़ी ऐसी निकालों मुहब्बत करो खु.दा से ॥६४८॥

---

१ ईर्षा

मन्दिर तोड़ों मस्जिद तोड़ों इससे कुछ नहीं होता हैं।
पर दिल को तो यार किसी का मत तोड़ों येह तो घर है ख़ास
ख़ुदा का ॥६४९॥

उस अकल पर पत्थर पड जावें उस धन पर बिजली टूट पड़े।
वोह घर ही क्या हो सकता हैं जहाँ बन्धु-बन्धु में फूट पड़े ॥६५०॥

येह जन्म नर का मिला है कुछ काम करने के लिए।
येह न समझों कि मिला हैं पेट भरने के लिये ॥६५१॥

वोह फूल सिर चढ़ा है जो चमन से निकल गया।
इन्सान वोह बन गया जो वतन से निकल गया ॥६५२॥

यों तो सभी मरण के राही, एक रोज़ मर जाते हैं।
लेकिन धन्य उन्हीं को जो मरकर भी नाम अमर कर जाते है ।६५३।

नही वोह जिन्दगी जिसको जहाँ नफ़रत से ठुकराये।
नहीं वोह जिन्दगी जो मौत के क़दमो में गिर जाये ॥६५४॥

वोह है जिंदगी जो नाम पाती है भलाई में।
ख़ुदी को छोड़कर जो पहुँच जाती हैं ख़ुदायी में ॥६५५॥

फकीरों की निगाहों में अजब तासीर होती है।
निगाहे मेहर से देखें तो ख़ाक अक्सीर होती है ॥६५६॥

ज़ुदाई सिखलावें वोह मजहब भला किस काम का।
वोह आडम्बर है निरा मजहब है ख़ाली नाम का ॥६५७॥

मत काट गला औरों का तेरा भी गला कट जावेंगा।
औरों की बस्ती को बसा तेरा भी महल बस जावेंगा ॥६५८॥

आ गया यम का परवाना मौत ने मारा एक चाबक नीचे
घोड़े से आना ।
मानसिंह का मौत से जंग मचना रूह को फिर शरीर से
यकदम निकल जाना ॥६५६॥

मोहब्बत न रही भाई की भाई को ।
पड़ा खाट पर भाई नहीं जाता दवाई को ॥६६०॥

दुबारा जगत में ऐसी औरतें न होगी ।
हजारों औरते होगी मगर सीता नहीं होगी ॥६६१॥

मिला है मान हिन्दूस्तान को पति व्रत की शान पर ।
कायम है चान्द और सूरज इन्हीं सतियों की आन पर ॥६६२॥

सती की है ज्योति सती है कीमती मोती ।
सती है सत्य को बोती सती है पाप को खोती ॥६६३॥

ग़रीबों को मत सताओ येह हैं दुख के मारे ।
इमदाद करों इनकी येह भी भाई है तुम्हारे ॥६६४॥

कौन कहता हैं पत्थर मे खुदा रखा हैं ।
दिल बहलाने को एक बुत बना रखा है ॥६६५॥

पूरे है मर्द वोह हर हाल में खुश हैं ।
रोटी न मिले दाल तो है वोह दाल में खुश हैं ॥६६६॥

इन्सान रूकता नहीं दुनियाँ में इन्सान हमेशा बढ़ता हैं ।
युग की हर मजिल पर वोह रोज़ इमारत चिन्ता है ॥६६७॥

मानव हो कर मानवता से तुमने कितना प्यार किया ।
इस जीवन में तुमने कितना औरों का उपकार किया ॥६६८॥

मुबारिक है जो दिल दूसरों का दर्द रखते है ।
आखों में आंसू दिल में आहाएँ सर्द रखते है ।।६६९।।

कांपते थे जिनके फूको से ज़मीं और आसमां ।
दब चूके है खाक़ में अब हां हूं कुछ भी नहीं ।।६७०।।

जो हिम्मत है उसका रहम्मते हक़ साथ देती हैं ।
कदम खुद आगे बढ़ा के मजिले मकसूद लेती है ।।६७१।।

दो दिन की शान हर कोई दिखला के मर गया ।
जीता रहा न कोई हर एक आके मर गया ।।६७२।।

कल तो कहते थे कि विस्तर से उठा जाता नहीं ।
आज दुनियाँ से चले जाने की ताक़त आ गई ।।६७३।।

कुछ अपनी मुसीबत पर ऐ दिल निगाह कर ।
हर हालत में मालिक़ का शुक्रिया अदा कर ।।६७४।।

अगर पाक़ बनना है तो रूहानियत को जगता जा ।
छोड़ दुनियाँ की तम्मन्ना हवसाओं को खाक़ बनाता जा ।।६७५।।

खुदा की कर बन्दगी तू खुदा बन जायेगा ।
नही तो अपना आशना खोकर दोज़ख़ में दुःख पायेगा ।।६७६।।

तिफ़ल[1] में बू आये क्या शिक्षा तो है सरकार का ।
और दूध तो डब्बे का है फिर अक़्ल है माँ बाप की ।।६७७।।

उपदेश वर्षा की तरह बह के निकल गया ।
रस्सी सारी जल गई पर बल रह गया ।।६७८।।

नहीं था मालूम कि ज़ालिम इस तरह मतभेद करते हैं ।
कि जिस पत्तल में खाते हैं उसी में छेद करते हैं ।।६७९।।

---

१ जीवत के गुण

दुनियाँ की सरे राह में काँटे हजार है ।
इस को बचा के जो चले वोही होशियार हैं ॥६८०॥

किसी पर क्या गुज़रती हैं कोई अनजान क्या जाने ।
किसी की जान जाती कोई बेदर्द क्या जाने ॥६८१॥

कह रहा हैं आसमाँ सब समय का फेर है ।
पाप का घड़ा भर चुका फूटने की देर है ॥६८२॥

दु:ख में धर्म वीर की इज्ज़त कभी घटती नही ।
कूट डालों सोने को कीमत कभी घटती नहीं ॥६८३॥

मुबारिक है बशर को जो त्याग का जीवन रखते है ।
सदा अमन चैन में रहते, जो योवन को अक्ल में रखते है ॥६८४॥

अपनी हस्ती को मिटाकर सूरमा बन जायेगा तू ।
अहले आलम की निगाहों में समा जायेगा तू ॥६८५॥

कल जो रखते थे फख्कर के साथ ताज सर पे ।
आज वोह हो रहे हैं रोटी के मोहताज ॥६८६॥

ज़ोक कहता हैं बदलता है ज़माना अक्सर ।
मर्द वोह हैं जो ज़माने को बदल देते हैं ॥६८७॥

बजते थे जिनके डंके ज़मीं पर वोह किधर गये ।
अग्नी मे भस्म हो गये और वोह कबरों में भर गये ॥६८८॥

जो जो थे पृथ्वीराज उन्हे पृथ्वी खा गई ।
कबरों में वागवाँ गये और घास आ गई ॥६८९॥

जिन दाँतों से हँसे थे हमेशा खिल खिलाकर ।
अब दर्द से है वोही रूलाते है हिलमिला कर ॥६९०॥

जब आये थे रोते हुए आप आये थे ।
अब जायेंगे तो औरों को रूला के जावोंगे ॥६६१॥

सुरखरू होता हैं इन्सां आफते आने के बाद ।
रग लाती हिना पत्थर पर घिस जाने के बाद ॥६६२॥

क्या तवगर क्या गनी[1] क्या अमीर क्या बालुका[2] ।
सबके दिल में फ़िक्र है दिन रात आटे दाल का ॥६६३॥

जितने सुख़न हैं सब मे ये ही सुखन दुरूस्त है
अल्लाह आबरू से रखे और तन्दुरूस्त ॥६६४॥

दु:ख पा के मर गया कोई सुख पा के मर गया ।
जीता रहा न कोई हर एक आ के मर गया ॥६६५॥

पड़े भटकते हैं लाखों पण्ड़ित हज़ारों मुल्लां करोड़ों सियाने ।
जो ख़ूब देखा तो यार आख़िर ख़ुदा की बात ख़ुदा ही जाने ॥६६६॥

न इतना हलावां बन कि चटकर जाये भूखें ।
न इतना कड़वा बन कि जो चखें सो थूके ॥६६७॥

क्या हँसी आती है मुझको हज़रते इन्सान पर ।
बदफैल तो ख़ुद करे लानत करे शतान पर ॥६६८॥

जा़न तो येह जायेगी, रह जायेगी मिट्टी पड़ी ।
सदा हरी रहती नहीं यारों फूलों की छडी ॥६६९॥

किस्मत की ख़ूबी देखिये दिल बुरे आने लगे ।
जिनकी थी सेज़ फूलन की वो ठोकरे खाने लगे ॥७००॥

१—मालदार २ शिष्य

करना है सोकर चलो दुनियाँ में दो दिन का नाम है ।
पीछे से कुछ बनता नही जीते ही जी का काम हैं ।।७०१।।

मैं गया था मक्का जब दिल नहीं था पक्का ।
अब दिल हुआ पक्का तो जहाँ देखूं वोही मक्का ही मक्का ।।७०२।।

बुरे दिनों में न भाई और जाया काम आता हैं ।
फक़्त अपना कामाया और बचाया काम आता हैं ।।७०३।।

सभी हँसते हुए मिलते हैं जब तक चार पैसे है ।
न पूच्छेंगा गरीबी में कोई भी आप कैसे हैं ।७०४।।

मजा भी आता हैं दुनियाँ से दिल लगाने मे ।
सजा भी मिलती है दुनियाँ से दिल लगाने में ।।७०५।।

क्या ताब रखती है उस तीर के आगे ।
तदवीर के पर जल गये तकदीर के आगे ।।७०६।।

कम खाना और कम बोलना अकलमंदी है ।
बहुत खाना और बहुत बोलना बेवकूफी हैं ।।७०७।।

कम खाना लज्जतका यादे खाना फज्जत का ।
कम बोलना लज्जतका यादे बोलना फज्जतका ।।७०८।।

कुछ काम कीजिये या कुछ नाम कीजिये ।
इल्मों हुनर से नाम का अंजाम कीजिये ।।७०९।।

परवरदिगार का नाम किस्मत के लिये लीजिये ।
नहीं तो बदकिस्मती से सारी उमर झूजिये ।
बदकाम का फल जीवन में लीजिये ।
परवरदिगार का ध्यान सुख पाने लिये कीजिये ।।७१०।।

गर कुछ नहीं तो हज़रते अकबर का कौल है ।
मुर्दों के साथ कबर में आराम कीजिये ॥७११॥

हमारा काम है हर एक को छोटे से बड़ा करना ।
अमीरों की कमाई से गरीबों का भला करना ॥७१२॥

लानत है उसकी हश्मतों जलाल पर ।
जिसको तरस न आये गरीबों के हाल पर ॥७१३॥

मोहब्बत रगदे जाती हैं दिल जब दिल से मिलता है ।
मगर दिक्कत तो यह है दिल बड़ी मुश्किल से मिलता है ॥७१४॥

शरीफ़ इन्सान वोह है जो शरीफ़ी का चलन समझे ।
पराई माँ बहीनो को खास अपनी माँ बहीन समझे ॥७१५॥

भलाई की अगर हो तो मौत तो जीने से बेहतर हैं ।
बुराई का तो जीना मौत के सदमे से बेहतर हैं ॥७१६॥

करोड़ों मुफ़लिस हो गये करोड़ों तवंगर हो गये ।
खाक में जब मिल गये दोनों बराबर हो गयें ॥७१७॥

छोटी न समझों कभी न समझों चार चीजों को ।
कर्ज़ को मर्ज़ को और आग को अपने रकीबो[1] को ॥७१८॥

सच है तपो बल से भूमि आकाश हिलते है ।
मगर भक्ति के बल से तो सदा भगवान परवरदिगार मिलते है ॥७५९॥

पिताजी आप रूठोगे सिर्फ आराम बिगड़ेगा ।
मगर परवरदिगार रूठा तो सारा काम बिगड़ेगा ॥७२०।

---

१ शत्रुओं को

सूरज पश्चिम से उदय हो हिमालय सारा गल जाये ।
मगर मुमकिन नहीं कि निश्चय मेरा बदल जाये ।।७२१।।

तमाशा देखना तुम मातृभूमि के सपूतों का ।
समय पर जान देना तो धर्म हैं राजपूतों का ।।७२२।।

खुदा रहम करता नही उस बशर पर ।
न हो दर्द की चोट जिस जिगर पर ।।७२३।।

दर्द कांटे का तुमसे सहा जाता नहीं ।
बेकसों पर अ बशर फिर क्या रहम लाता नही ।।७२४।।

साथ में लाया न कुछ साथ कुछ भी न लें जायेगा ।
संसार की सब वस्तुयें संसार को दे जायेगा ।।७२५।।

याद रखो जिन्दगानी हर वक्त मिलने की नहीं ।
येह चमन फुलवारी फिर हर वक्त खिलने की नही ।।७२६।।

बुरा मांगे जो औरों का तो खुद उसकी बदी होगी ।
जो खोदेगा गढा उसके लिये खाई खुदी होगी ।।७२७।।

हजारो ऐश के समान मुल्की और मालिक थे ।
सिकन्दर जब गया आलम से दोनों हाथ खाली थे ।।७२८।।

मरते दम तक भी रखी हैं राजपूती शान को ।
जल मरी जीवित चिता में पर न छोड़ा आन को ।।७२९।।

नाम ले भगवान का खेल जाओं जान पर ।
जान देना धर्म हैं कौम और इमान पर ।।७३०।।

क्या तकल्लुफ़ तकल्लुफ करता हैं जिन्दगी भर में।
अगर तू बिस्मल बिस्मल करे तो जन्नत तेरे हाथ में है ॥७३१॥

कुर्सी के गुलाम, कुर्सी छोड़ न सके।
बनना था वज़ीरे आजम, मेम के गुलाम हो बैठे ॥७३२॥

कालेज से निकली बीवी ने शौहर से
अपने कालिज के दिनों की
लो छक छक कर बात की
लेकिन यह न बतलाया की
कहाँ रखी हैं रोटी रात की ॥७३३॥ अकबर

बुजदिल और कायर छूपा करते है परदों में।
उठा सकता हैं क्या नामर्द वोह तलवार मर्दों मे। ७३४॥

जो कुछ किया है पाप और झूठ नें।
भारत की शान खोई आपस की फूट ने ॥७३५॥

दरख़्त जो फलता नहीं तो फल कभी गिरता नही।
जन्म जो धरता नहीं तो वे भी कभी मरता नहीं ॥७३६॥

रूतबाँ वहाँ पे शाह गदा सब का एक है।
वदे है सब खुदा के खुदा सब का एक है ॥७३७॥

वोही इन्सान जो हैं इन्सान पर रहम करता हैं।
कज़ा के हाथ से कतिल को अपने दिल से बख़शती है ॥७३८॥

मेरी नज़रों में जीना या मरना बराबर है।
दिया हैं तुमको दिल तो जान भी निछावर है ॥७३९॥

न रूस्तम रहा ज़मी पे न वोह राम रहा।
मर्दों का आसमां में नाम रहा ॥७४०॥

जिन्दा तो हमेशा ही बन्दे रहते हैं घर पर।
मुर्दों को भी ले जाते हैं जकड़ कर ॥७४१॥

न शाहों के तख़्तों ताज रहें।
न किसी के हमेशा राज रहे ॥७४२॥

कौन ठहरा हैं सराये फ़ानी में।
कल चले जायेंगे अपनी राजधानी में ॥७४३॥

छूरी का तीर का तलवार का तो घाव भरा।
लगा जो ज़ख़्म ज़ुबां का हमेशा हरा भरा ॥७४४॥

जो बात कहो साफ कहो सुघरी हो भली हों।
कड़वी न हो मिश्री की डली हो ॥७४५॥

हक़ीक़त असलियत में इन्सां वोही नेक है।
कि जिसकी ज़ुबां और दिल एक है ॥७४६॥

ऊठ ऊठ मैं यक़ीनों के कलेजों को हिला दो।
इन फ़िरका परस्ती के निशानों को मिटा दो ॥७४७॥

जब सब का एक ख़ुदा तो आपस में लड़ते हैं क्यों।
मुफ़्त में बढा कर दुश्मनी फिर मरते हैं क्यों ॥७४८॥

सीरत नहीं है जिस में वोह सूरत फ़िज़ूल है।
जिस गुल में बू नहीं वोह क़ाग़ज़ का फूल है ॥७४९॥

क्या हँसी आती हैं मुझे इस हज़रते हैवान इन्सान पर।
बदफहलियां तो खुद करे दोष दे निर्दोष भगवान पर ॥७५०॥

एका करके ईन्टों ने भी बान्ध दिया पुल नदियों में ।
बिना एकता के तुम हम उठ सकते नहीं सदियों में ।।७५१।।

गुल क्या है ख़ार तक ना बचे है लूट सें ।
भारत का बाग उजड़ गया आपस की फूट से ।।७५२।।

खूब सैर की चमन की फूल चुने और शाद रहे ।
बागवां हम जाते है गुलशन तेरा आबाद रहे ।।७५३।।

फ़कीरों का येह तोहफ़ा है इसे स्वीकार लेना ।
अगर कुछ हो सके तो जीवन का उद्धार कर लेना ।।७५४।।

कहाँ वोह वीर हैं जिन से ज़माना थरथराता था ।
जिन की गर्जना से शेरों का कलेजा मुँह को आता था ।।७५५।।

खाक़ का पुतला हैं आख़िर ख़ाक़ में मिल जायेगा ।
ज़िस पर तुझको नाज है वोह ज़िस्म आग में मिल जायेगा ।।७५६।।

काला मुँह हो जायेगा तो वां तमाचा खायेगा ।
उजला मुँह हो जायेगा तो वां बख़शीस पायेगा ।।७५७।।

चार दिन के हुस्न पे तुमको क्यों इतना मग़रूर हैं ।
कल के लड़के यों कहेंगे हट बे बुढ़े हो दूर ।।७५८।।

रहम जो करता है बदला रहम का पायेगा ।
ज़ुल्म करता हैं तो बदला ज़ुल्म का मिल जायेगा ।।७५९।।

सीखता है देखकर क्यों गैर की बदचाल तू ।
चोरी चोरी जो करे एक दिन तो पकड़ा जायेगा तू ।।७६०।।

जो यहाँ आया है उसको चलना होगा एक दिन ।
जब फ़नाह ठहरी तो क्या फिर सौ बरस क्या एक दिन ॥७६१॥

मक़बरों में पाँव फैलाये हुए सोते हैं वोह ।
था ज़मीं से आसमाँ तक जिनका डका एक दिन ॥७६२॥

खुदा के ग़ज़ब से डरों से लड़ने वालों येह हुक्कमों खुदाएँ जहाँ आ गया ।
मारेगा वोह भी मरेगा यकीन नहीं तो रूहानियत से हुक्कम
आ गया ॥७६३॥

मिला दूँ ख़ाक में तन मन लगा दूँ आग जीवन में ।
बुराई का अगर धब्बा लगे नेकी के दामन में ॥७६४॥

मर्द उसको जानियेगा जो बात पर कायम रहे ।
ठान ले करने की पहले ही तब कहीं मुख से कहे ॥७६५॥

जिस तरह रोती हूँ मैं रोवेंगी तेरी नारियाँ ।
धिक्कार से थूकेंगे तेरे नाम पर नर नारियाँ ॥७६६॥

सीता का उत्तर रावण को

पण्डित को भी सलाम है और मौलवी को भी ।
मज़हब न चाहिये .मुझे इमान चाहिए ॥७६७॥

हक़ीक़त पर नज़र रखता हूँ जब दुनियाएँ फ़ानी की ।
बहारे ख़ाक में मिल जाती है सब जिन्दगानी की ॥७६८ ।

मुक्ति का मार्ग छोड़ के क्यों दु.ख का रास्ता लिया ।
पेट पाला पाप झूठ से तन मन जिया तो क्या जिया ॥७६९॥

अब मर जायें तो कोई मुँह में न डाले पानी ।
किस हालत में छोड़ गई हाय ज़वानी ॥७७०॥

मक्का गया मदीने गया नाम पाया हाजी ।
दिल का कुफ़्र गया नहीं आखिर पाजी का पाजी ॥७७०॥

दुनियाँ की सरेराह में कांटे हजार हैं ।
उससे जो बच के चलते वोही होशियार ॥७७१॥

हसीनों की मुहब्बत का बुरा अंजाम होता हैं ।
नतीजा दिल्लगी का मौत का पहग़ाम होता है ॥७७२॥

किया इस देश को बरबाद आपस की लड़ाई नें ।
दिलों में बैर भर दिया अपनी पराई ने ॥७७३॥

धर्म पर जो हैं फिदा मरने से कभी वोह डरते नहीं ।
लोग कहते हैं वोह मर गये दरअसल वोह मरते नहीं ॥७७४॥

लाख दुःख देवें जमाना होवे दुश्मन बेशुमार ।
इक कदम पीछे न हटते धर्म पर जिनको यकीं हैं ॥७७५॥

न खुशी जीने की उनको मौत का खतरा नहीं ।
आसूंओं का आंखों से गिरता कभी कतरा नहीं ॥७७६॥

आया है क्या साथ में जायेगा क्या साथ में ।
जीव अकेला जायगा बन्ध पसारे हाथ में ॥७७७॥

मनुष्य में फ़र्क नहीं फ़र्क पुण्य और पाप का ।
जैसी होवें चासनी मिठाई वैसी दुकान की ॥७७८॥

मरना भला है उसका जो अपने लिये जिये ।
जीता है वोह जो मर चुका इन्सान के लिये ॥७७९॥

पैसा देकर जूते खाना यह मजा शराब में देखा ।
घर बैठे दुनियाँ की सैल करना यह मजा किताब में देखा ॥७८०॥

आजकल के दोस्त है काग़ज़ के फूल ।
देखने में खुशनुमा बुए वफा कुछ भी नहीं ॥७८१॥

दिल दे इस मिज़ाज का परवरदिगार दे ।
जो रंज की घड़ियाँ खु.शी में गुजार दे ॥७८२॥

दिल दे इस मिज़ाज का परवरदिगार दे ।
धर्म की घड़ियों में जीवन गुजार दें ॥७८३॥

रूहानियत का हार कर, खु.दा का फर्मान याद कर ।
आत्मा से प्यार कर कर्मों का मन से विचार कर ॥७८४॥

हे लाल ? बाप ने तो राज दे दिया वचन के वास्ते ।

तारा राणी के उद्गार

आज तू मोहताज़ हैं दो ग़ज़ कफ़न के वास्ते ॥७८५॥

रोहत के मूच्छतावस्थामें

नाम ले परवरदिगार का खे.ल जाओ ज़ान पर ।
ज़ान देना धर्म हैं कौम और ईमान पर ॥७८६॥

करना हो सो कर चल दुनियाँ में दो दिन का नाम हैं ।
पीच्छें कुछ बनता नहीं जीते जी काम हैं ॥७८७॥

किसी पर न होना गुस्से से शेर ।
गुस्सा जिन्दगी को करता हैं ज़हर ॥७८८॥

मौत जब नज़दिक आ जाती किसी इन्सान की ।
नष्ट हो जाती शक्ति आँख की और कान की ॥७८९॥

परखने की है मुसीबत माल येह खोटा नहीं ।
सत्य जिसके पास हैं उनको कभी टोटा नहीं ॥७९०॥

सचाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से ।
ख़ुशबू आ नहीं सकती कभी काग़ज़ के फूलों से ।।७६१।।

जलाओ जितना चन्दन को वोह उतनी हीं महक देगा ।
जलाओ जितना सोने को वोह उतनी ही चमक देगा ।।७६२।।

ज़मीं तावें में हैं उसके आसमाँ भी पार होता हैं ।
कि जिसमे संग उनका है दिल में जोश और प्यार होता हैं ।।७६३।।

वोही मर्दानगी हैं जान दो इन्सान के बदले ।
नहीं लाज़िम हैं किसी की जान लेना जान के बदले ।।७६४।।

सदा दौर दौरा दिखाता नही ।
गया वक्त फिर हाथ आता नहीं ।।७६५।।

संसार सागर में अनेकों जीव जन्मे और मर गये ।
पर वोह है अमर तन, धन निछावर मुल्क पर कर गये ।।७६६।।

फूट की जढ जम गई अज्ञान आ कर अड गया ।
यों देश हमारा दीन दुर्बल पड गया ।।७६७।।

दिल सताना नहीं रवाएँ ख़ुदा का फरमान है ।
खास इबादत्त के लिए पैदा हुआ इन्सान है ।।७६८।।

दिल बड़ी हैं चीज़ जहाँ में खोल के देखों चश्म ।
दिल गया तो क्या रहा मुर्दा तो वोह श्मशान है ।।७६९।।

ज़ुल्म जो करता उसे हाक्किम भी यहाँ पर दे सज़ा ।
मुआफ़ हरगिज़ होता नहीं येह कानून के दरम्यान है ।।८००।।

ख़ाक का पुतला बना येह ख़ाक की तस्वीर है ।
ख़ाक में मिल जायेगा, जो ख़ाक दामन गीर हैं ।।८०१।।

"भ्ररन" बरसात की बूंदे चमन में गुल खिलाती हैं ।
दुआएं मां बाप की मोहताज को सुल्तां बनाती है ॥८०२॥

गूचे हमारे दिल के इस बाग में खिलेंगे ।
इस खाक से उठे है उस खाक में जा मिलेंगे ॥८०३॥

दो हाथ वालों के सामने मत पसारो हाथ ।
उसके आगे पसारिये जिसके लाखों है हाथ ॥८०४॥

लिखा परदेश किस्मत में वतन को याद क्या करना ।
जहाँ बेदर्द हाक्कम हो वहाँ पर फरियाद क्या करना ॥८०५॥

दिल के अन्दर है खुदा दिल से खुदा क्या जुदा ।
दिल सताना ऐ मियाँ उस रब्ब को दिल दुखाना कब मंजूर है ॥८०६॥

हिम्मत बड़ी है हिम्मत से काम लो ।
जब तक न मिले मंजिल तब तक न विश्राम लों ॥८०७॥

खुशी जब रूठ जाती हैं तो गम से काम होता है ।
मोहब्बत करने वालों का येही अंजाम होता हैं ॥८०८॥

जहाँ देखूं जिधर देखूं तेरा जलवा नजर आये ।
जमीं से आसमाँ तक लेला ही मुझको नजर आये ॥८०९॥

जलती हुई चिता कहती है यहाँ कौन किस का ।
मरना है पर कब मरना है पता नहीं इसका है ॥८१०॥

गैरों के वास्ते जो परेशान हो गया ।
इन्सान भर के फिर से वोह भगवान हो गया ॥८११॥

जिन्दगी ऐसी बना तू जिन्दा रहे दिलशाद तू ।
तू न रहे दुनियाँ में दुनियाँ को याद आये तू ॥८१२॥

करेंगे भलाई अगर हम, तो हमारा भी भला होगा ।
बुराई का नतीजा भी बुराई में मिला होगा ॥८१३॥

काम गैरों के न आये जिन्दगी किस काम की ।
लानत है उस दौलत को जो आबरू हो बदनाम की ॥८१४॥

दिया न कुछ लिया, न कुछ धन का खजाना भर चला ।
आया था मुट्ठी बान्ध के हाथ पसारे चल चला ॥८१५॥

आज मन्दिर मे भगवान नज़र नहीं आता ।
आज मस्जिद में रहमान नज़र नही आता ॥८१६॥

चाहे तुम नास्तिक समझलों मुझको ।
इन्सान में आज इमान नज़र नहीं आता ॥८१७॥

शराब है शराब है बोतलों में भारी आग हैं ।
पिना इसे हराम है इन्सानियत पर भारी दाग है ॥८१८॥

नहीं है जिन्दगी जो नाम पाती है भलाई में ।
खुदी को छोड़ कर जो पहुंच जाती है खुदाई में ॥८१९॥

फंसा जो इश्क में आ कर वोह आठों पहर रोता हैं ।
न खाता है न पीता है न जागता हैं न सोता हैं ॥८२०॥

चाहेंगा नुक्सान इन्सान किसी के हाल में ।
खुद पड़ेगा एक दिन नुक्सान के जजाल में ॥८२१॥

बादल के गरजने से शेर डरते नहीं ।
तेरी गीदड़ भभकियों से बीर खौफ करते नहीं ॥८२२॥

आती हैं जिसको गर्दिश बड़ी ।
मुश्किल से कटती हैं आधी घड़ी ॥८२३॥

गर्दिश न आवे किसी के भी पास ।
ताने सुनाती है औरत भी बे ज़बान ॥८२४॥

गर्दिश में ऐसा बिगड़ता है काम ।
सिर मुड़ने को न मिलता हज्जाम ॥८२५॥

जिसको है गर्दिश जब मारता हैं ।
सच्चा मुक़दमा वोह् हारता हैं ॥८२६॥

इसी से न करना कभी मग़रूर ।
गर्दिश सभी पर आती है ज़रूर ॥८२७॥

नुक्सान करे नुक्सान मिले एहसान करे एहसान मिले ।
जो जैसा जिसके साथ करे फिर वैसा उस को आन मिले ॥८२८॥

कुछ देर नहीं अन्धेर नहीं इन्साफ़ अदल परास्ती है ।
इस हाथ करो उस हाथ मिले येह् सौदा दस्त बदस्ती हैं ॥८२९॥

जो पार उतारे औरों को उसकी भी नाँव उतरने वाली हैं ।
जो ग़र्क़ करे औरों को उसकी भी नाँव डूबने वाली हैं ॥८३०॥

बेज़ुरम ख़ता जिस ज़ालिम ने मज़लूम ज़बाँ कर डाला है ।
उस ज़ालिम के भी लोहू का एक दिन बहता नाला है ॥८३१॥

जो औरों को डाले चक्कर में फिर वोह् भी चक्कर खाता है ।
जो औरों को ठोकर मारे फिर वोह् भी ठोकर खाता हैं ॥८३२॥

मग़रूर न हो तलवारों पर मत भूल भरोसे ढालों पर ।
सब शस्त्र छोड़ के भागेंगे मुँह देख अजल के भालों के ॥८३३॥

उमर दो रोजा पर क्यों ए फिरता भूला ए खलील ।
देख लेना एक दिन तू भी फ़नाह् हो जायेगा ।।८३४।।

जवानी में आदम[1] के वास्ते सामान कर गाफ़िल ।
मुसाफिर शब[2] से उठते हैं जो जाना दूर होता है ।।८३५।।

मुझे तोड़ लेना बनमाली उस पथ में देना तुम फेंक ।
मातृ भूमि हित शीश चढ़ाने जिस पथ जायें वीर अनेक ।।८३६।।

मुमकिन न बुवद कि यार आयद व किनार ।
खुदरा अज खयालों खामों अन्देशा बरार ।
हर चीज़ कि गहर अस्त दर सनिए तुस्त ।
त्रिसयार हिजा बेस्त मियाने तो व यार ।।८३७।। सरमद सूफी

मूलार्थ :–जबतक तेरे दिल में बाहरी चिन्ताएँ भरी हैं झूठ भावनाएँ भरी हैं तबतक यह कैसे मुमकिन है कि तेरा यार तेरा प्रेमास्पद ब्रह्म तुझे मिल जाये ? जबतक तेरे दिल में येह दूसरी चीजे भरी है तबतक यार से कैसे मिल सकेगा । तेरे और उसके बीच मे येही तो दीवार विशाल मेंजींयन का पर्दा हैं

निसार मैं तेरी, गलियों, पे ऐ बम्बई
जहाँ येही है रस्म कि जो चले, डरड़र के चलें ।।८३८।।
बम्बई के विषय

तरीके फ़नाह् में कदम रख के पूछो ।
मुहब्बत की रस्मे मुहब्बत की राहें ।।८३९।।

---

१ परलोक २ प्रभात से

देश जाती और धर्म पर मरना हैं सुखकार ।
मरना वोह मरना किस काम का जाने नहीं संसार ॥८४०॥

किस की शादी किसी का गम ॥
हूँ अल्लाह हूँ दम पर दम ॥८४१॥

तंगदस्ती में कोई इमानदार नहीं रह सकता ।
जो कोई रहता हैं वोह इन्सान नहीं वोह परवरदिगार हैं ॥८४२॥

पढ लिया इल्म नहीं किया अमल खर पे चन्दन को ढोहया है ।
नेकी बदले बदी करे, समझों उसने नर भव खोया हैं ॥८४३॥

मोहब्बत कीजे मर्द की कभी आयें काम ।
काम पडे बदले नहीं दु:खियन के इन्सान (धाम) ॥८४४॥

मित्र मित्र में फेर हैं ताली मित्र अनेक ।
जिसको देख मन ठरे श्रो करोडन में एक ॥८४५॥

मेरी जिन्दगी तुझी से मेरी शायरी भी तुझी से हैं ।
मेरी जिन्दगी न सम्बर सकी मेरी शायरी को सम्बर दो ॥८४६॥

येह चलती ज़मीं पर निगाहें जाती हैं ।
वोह होंटों में अपने क़लम को दवाती है ॥८४७॥

ज़मीं जब डूबते सूरज की ख़ातिर आहा भरती हैं ।
किरण जब आसमां को इक़ विदाई का प्यार करती हैं ॥८४८॥

ज़िन्दगी होगी मोहब्बत की कहानी तेरी ।
मुस्करायेंगी दुल्हन बन के जवानी तेरी ॥८४९॥

देख तारों की नज़र पथरा गई ।
रात की चोट कमर तक आ गई ॥८५०॥

रूह पिछली याद से घबरा गई ।
रूह रूहानियत में आगे के लिए जोश में आ गई ॥८५१॥

सल्तनत इक ज़ुल्म मज़हब इक बला ।
मुफलिसी इक जुर्म मेहनत इक सज़ा ॥८५२॥

मुसाफिर ! कहीं राह मत भूल जाना ।
जवानी की वादी के खंदां[1] नज़रे ॥८५३॥

मोहब्बत के गर्दूं[2] के रकखा[3] सितारे ।
तुझे रास्ते में करेंगे इशारे ।
कि आ हम सिखायें तुझे दिल लगाना ।
मुसाफिर ! कहीं राह मत भूल जाना ॥८५४॥

हँसीनों पे बिजली गिराता गुज़र जा ।
तमन्ना के शोले बुझाता गुज़र जा ।
नज़र से नजर यूँ मिलाता गुज़र जा ।
तुझे जैसे आता नहीं मुस्कराना ?
मुसाफिर ! कही राह मत भूल जाना ।.८५५॥

बहुत राह में खान[4] काहें मिलेंगी ।
मशाइख़[5] तफ़रीह[6] गाहें मिलेंगी ।
मज़हब की पुर पेचराह मिलेंगी ।
नहीं जिन में मंज़िल का कोई ठिकाना ।
मुसाफ़िर ? कहीं राह मत भूल जाना ॥८५६॥

---

१ मुस्कराते २ आकाश ३ नृत्यशील
४ धर्म-मठ ५ शेखों ६ क्रीड़ास्थल

आज हमारे लाखों साथी ।
साथी ! हिम्मत हार न जाओ ।
आज करोड़ों हाथ बढ़ेंगे ।
जब हम सत्य पर चलेंगे ।

मानवता की झलक देखेंगे ।
अनन्त कर्मों पर विजय पायेंगे ।

पिघलती शम्माओं पर गिरते हैं जब ताकों मे परवाने ।
सुनाता है कोई जब दूसरों के दिल के अफसाने ।।८५९।।

अपनीं कुर्बानी से है मशहूर नेहरू खानदान ।
शाम ऐ महफ़िल देख लो येह घर का घर परवाना है ।।८६०।।

न किसी की आंख का नूर हूं न किसी के दिल का करार हूं ।
जो किसी के काम न आ सका, मैं वह एक मुश्ते गुबार हूं ।।८६१।

ज़रा कर्म देखकर कीजिये इन कर्मों की बहुत बुरी मार है ।
नहीं बचा सकेगा इन्सानियत, फिर औरों की क्या औकात हैं ।।८६२

कौन पहुंचाता है पानी नारियल के झाड़ पर ।
जिसकी किस्मत में लिखा हो आता है फाड़ कर ।।८६३।।

सितारों से नहीं रोशनी चान्द की होती ।
हजारों से नहीं मुहब्बत एक से होती ।।८६४।।

रण्डि बाज़ी वोह करे जो जान की बाजी करे ।
खुद तो फ़ाक़ाकशी करे पर राण्ड को राज़ी करे ।।८६५।।

सिनेमा देखने के लिये जावे जेबां खाली करे मन की कंगाली करे
बन्धु के लिये आंखें लाली करे हुवानियत की दलाली करे ॥८६५।
लिखता हूँ खत खून से स्याही न समझना ।
मरता हूँ तेरे लिये पागल नहीं समझना ॥८६६॥
मैं लेट हुई मैं लेटी थी वोह मेरे उपर लेटा था ।
मैं उसको मना नहीं कर सकी क्योंकि वोह मेरा बेटा था ॥८६७॥
आशिक का इश्क खुदा निभाता हैं ।
धरती से नही आसमाँ से आता हैं ॥८६८॥
हमरी बदौलत शहर में कंचन वर्षते हैं ।
अवसोस येह है कि हम दो दाने के लिये तड़फते हैं ॥८६९॥

एक कृषाण की पुकार

गुलों से खार अच्छें है जो दामन थाम लेते है ।
सगों से गैर अच्छे है जो गिरते को थाम लेते हैं ॥८७०॥
दुनियाँ दुरंगी नक्करो सराय ।
कहीं खैर खुब्बी कहीं हाय हाय ॥८७१॥
इस दिल को मोल देते हैं इस दिल को मोल लों ।
इस दिल में फर्क हो तो कांटे में तोल लों ॥८७२॥
वोह सूर नहीं वोह कायर है जो रण में पलट जायें ।
वोह मर्द नहीं नामर्द है जो कह कर बचन पलट जायें ॥८७३॥
ना खुदा कावें में रहता है न बुतखाने में है ।
शेख जी रंदों[1] से पूच्छों दिल के काशाने[2] में हैं ॥८७४॥
रबिजा सूज[3] कहता हैं नबी ने एक बार ।
देखी एक हिरणी को रस्सी में बन्धी हैं बेकरार ॥८७५॥

---

१ भक्ति वात्सल्य २ झोपड़ी के दिवानों से पूछे ३ अकल

बोली वोह् हिरणी के ऐ मेरे नबी मेरे रसूल ।
अरज् एक रखती हू खिदमत में अगर होवें कुबूल ।।८७६।।

एक शिकारी ने मुझे रस्सी से बान्धा है इधर ।
मेरे बच्चे भूखे रोते है मेरे आका[1] उधर । ८७७।।

दूध भी हरगिज् न थी उनको पिल कर आई में ।
जो के इस रस्सी से कसे रगड़ों पर के बला पर आई मे ।।८७८।।

ऐ नबी प्यारे मुझे तुम खोलदो बहरे खु.दा ।
दूध उन बच्चों को जा कर मैं पिलाऊँ अब ज़रा ।।८७९।।

बोले हज़रत जो कि यहाँ से रह गई तू गर वहाँ ।
मैं शिकारी को भला दूंगा तेरा क्यों कर निशाँ ।।८८०।।

बोली वोह ज़ामिन खु.दा को अपने दे जाती हू मैं ।
उलटे पाँवों दूध पिल कर यूंही आती हू मैं ।।८८१।।

रहम खाया हाल वेकस पर शाहे अबरार[2] ने ।
खोल डाली उसकी रस्सी अहमदे मुख्तर ने ।।८८२।।

इतने में शिकारी आया दौड़ा घबराया हुआ ।
बोला यूं हिरणी मेरी जाती रही येह क्या हुआ ।।८८३।।

बोले पेगम्बर के हमने तेरी हिरणी छोड़ दी ।
और गले की रस्सी भी हमने तोड़ दी ।।८८४।।

अपने बच्चों को पिलाकर दूध वोह आ जायेंगी ।
आयेंगी वोह आयेंगी हाँ वोह मुकररं आयेंगी ।।८८५।।

---

१ मालिक २ खिताब

उसने हैं ज़ामिन दिया अपने ख़ुदाएँ पाक को ।
सुनकर नाम ग़म अब अपने दिल ग़म नाक को ॥८८६॥

बोला वोह हिरणी गई फिर हाथ आती हैं कहीं ।
फ़हम[1] में भी कुछ भुलाये बात याद आती हैं कहीं ॥८८७॥

था अभी कहता येह वोह पेशे रसूले कायनात को ।
इतने में वोह हिरणी भी आ पहुँची लिये बच्चों को साथ मैं ॥८८८॥

बोली ऐ बच्चों तुम्हारा हैं निगाहें बा कीर्दगार[2] ।
अब छूरी चल जायेंगी मेरे गले पर आबदार[3] ॥८८९॥

ज़ीभा कर डालेगा मुझको येह शिकारी हाथ से ।
अब तवक्का[4] तुम रखें अपने ख़ुदा की ज़ात से ॥८९०॥

नन्ने नन्ने उसके बच्चे बोले याँ शाहे ऊँम्म ।
अब कोई दम्मे में बिछुड़ जावेंगे अपनी माँ से हम ॥८९१॥

है तवक्का हमको याँ हज़रत तुम्हारी ज़ात से ।
तुम छूड़ा दोंगे हमारी माँ को इस के हाथ से ॥८९२॥

गर्ज़ हैं रज्ज़ाक हर एक का ख़ुदा एँ कायानात[5] ।
पर हमारा रीज़क हैं हक़ ने उत्तारा उसके साथ ॥८९३॥

कौन फिर मुहब्बत से पहलु में विठायेंगा हमें ।
दूध यूँ फिर कौन उल्फत से पिलावेगा हमें ॥८९४॥

बोली वोह हिरणी के ऐ बच्चों न हो तुम बेकरार ।
क्योंकि नबी के रूबरू करते हो मुझको शर्म सारा ॥८९५॥

---

१ अकल २ अल्लाह ३ तेजधार ४ उम्मीद ५ सव्वर कर

कैसा मुझ बेकस का देखों तो किया कहना कबूल।
मेरे जां पर आप यूं बैठे रहे मेरे रसूल ॥८९६॥

बेकरारी आहा जारी कुछ नहीं खामोश हो।
मेरे हजरत को न ज़ियादा और मत तकलीफ दो ॥८९७॥

यूं लगे कहने शिकारी से रसूले कीर्दगार।
तेरी हिरणी आन पहुंची अब तुझे है इख़्तियार ॥८९८॥

अब के देखा मोहजेज़ा अल्लाह रसूले पाक का।
पढ़ लिया कलमा शिकारी ने शाहे लवलाक का ॥८९९॥

जान दिल से हो गया वोह जां फिदाएँ मुस्तफ़ा।
कर दिया आजाद हिरणी को बराएँ मुस्तफ़ा ॥९००॥

मुए पशु की खाल से लोहा भस्म हो जाय ।।२५०।।

बहुत पढ़े तो क्या हुआ बोले नहीं विचार ।
हने परायी आत्मा जीभ वहे तलवार ।।२५१।।

पीपा पानी एक है पनिहारिन अनेक ।
बासन में विग्रह भयों नीर एक का एक ।।२५२।।

कंचन के आसन बासन सब कंचन के ।
कंचन के पलंग अमानत धरे रहे ।
हाथी हथशालन में घोड़े घुड़शालन में ।
बन्द जामदानन में कपड़े पड़े रहे ।
बेटा बहु बेटी अरु दौलत का पार नहीं ।
जौहरात डिब्बों पर ताले ही जड़े रहे ।

यह देह छोड़ कर लम्बे हुए प्राण जब ।
कुल के कुटुम्बी सब रोते ही खड़े रहें ।२५३।।

ुर पूत जो देय, तो खसम काहे को किजे ।
ामीदेव जो देय दु:ख काहे को सहिजे ।।२५४।।

ले आये जहाँ से तो आये नगन ।
फिर भी जाओगे अन्त नगन के नगन ।
तो देवेंगे फूँक लगा के अगन ।
या कि कर देंगे मिट्टी में खोदकर दफन ।
ही चीजों का साथ चलेगा वजन ।
शुभ अशुभ कर्म जो जो कि बान्धे है मनन ।
ो जिस दिन करोगे यहाँ से गमन ।
करो उस पे अमल जो है सच्चा वचन ।
ध और लोभ की लग रही है अगन ।
देख लो हाथ में लेके दर्पन अपना बदन ।।२५५।।

ावें जाओं द्वारका भावें जाओं गया ।
कह तकवीर सुनो भाई सब में मोटी दया ।।२५६।।

ान्या मान्या कुरं तू चेला में गुरं ।
रुपया नारियल घर भावें डूब भावें तर ।।२५७।।

ाडी देय सुहाग रांड घर घर क्यों होवे ।
तीर्थ उतारे पाप तो कोढया घर क्यों रोवे ।
'व दियां जी ऊबरे तो सुलतान क्यों मरे ।
मन्त्र–यन्त्र हो सिद्ध तो घर घर मंगता क्यों फिरे ।।२५८।।

हाथी दान्त के खिलौने जगत के आवें काम ।
बाघों का बाघाम्बर महेश बिस लायेगा ।
मृगन की खाल की बिछावत है जोगीराज ।
वृषभ का चर्म कुछ अन्न निपजायेगा ।
करेले की खाल में सुगन्ध है तैयार होत ।
बकरे का चर्म कुछ पानी ही पिलायेगा ।
साम्भार के सटके तो बान्धता सिपाही लोग ।
गेंडे की तो ढाल राजा राना मन भायेगा ।
नेकी और बदी दो ही संग चले मियाराम ।
मनुष्य का चर्म कछु काम नहीं आयेगा ।।२५९।।

करत प्रपंच और पंचन के वश परयों ।
पर दारा दरे भय आने न बुरायी को ।
पर धन हरे, पर जीवन की करे घात ।
मद्य मांस खाय, नहीं काम है भलाई को ।
होयेगा हिसाब तब मुख से न आवे जबाब ।
सुन्दर कहत लेखा लेगा रायी राई को ।
यहां तो करे विलास यम का न ताको त्रास ।
वहां तो नहां है कछु राज पोपां बाई को ।।२६०।।

कानों से प्रभुजी की वाणी क्यों नहीं सुनता ।
तेरे दोनों हाथों से स्मरण क्यों नहीं करता ।
मुख दिया तुझको प्रभु ने क्यों नहीं भजता ।
तेरी छाती में शक्ति है तपस्या क्यों नहीं करता ।

सुन ? चेत बेइमान अकल एक खासी ।
इस जिन्दगानी में दो दिन का तू बासी ॥२६१॥

आया न दिखे पारिधी मारिया न दिखे बान ।
मैं हे ! सखी पूच्छती किस विधि तजे प्राण ॥२६२॥

जल थोड़ा नेह घना चले प्रीत के बाण ।
तू पी तू पी कर मरे, खप गये दोनों जुवान ॥२६३॥ हिरण, हिरणी

सिंह की साधुवृत्ति एवं बन्दर की सेवा भक्ति का परिणाम

नहीं खड़ा नहीं खोचरा[1] स्वामी कौन स्वभाव ।
अधर अधर क्यों चलत हो फूं.क फूंक दो पांव ॥२६४॥

परमस्नेही साधु हैं ज्यूं दूधन में घी ।
अधर अधर यों पग धरां रखे मरे न कोई जीव ॥२६५॥

ऐसे हो तो खड़े रहो पुरो मेरी आस ।
तरुवर के फल तोड़ के लाऊं तुम्हारे पास ॥२६६॥

मूर्ख कपी समझा नहीं सिंह कैसे फल खाय ।
आते ही धोखे रहा मुंह में लिया उठाय ॥२६७॥

जब बन्दर हंसने लगा सिंह पूच्छत हे एम ।
आया काल के डाढ में फिर हंसता हैं केम ॥२६८॥

तब बन्दर ने उत्तर दिया मेरे मन की गूंज ।
मैं हंसता ज्यूं तू हंसे बात सुनाऊं पूंज ॥२६९॥

---

1 जमीन उंची नीच नहीं

सिंह तब कुछ समझा नहीं मुंह दिया पुलकाय ।
जिस तरूवर का वानरा उस पर बैठा जाय ।।२७० ।

अब बन्दर रोने लगा सिंह पूंच्छत है एम ।
गया काल की डाढ से अब रोवत है केम ।।२७१।।

रोऊं तुम सम साधु को भोरा मिलसी आये ।
जानी दिसा का साधुजी वानी दिसा में जावे ।।२७२।।

हर हर हर हर क्या करों हर हिरदय के मांय ।
आडी टाटी कपट की ताते बूझत नांय ।।२७३।।

बुढ़े हुवे फरीदखां नैना जोत गई ।
गज का घूंगट काडदी आज कांगी की ओट करी ।
बुढे हुवें फरीदखां नैना जोत गई ।
थोथे पड गये नारियल और गिरियां काढ ली ।।२७४।।

भक्त-भाव भादों नदी, सब चलती गहराय ।
सरिता सोई जानिये जेठ मास ठहराय ।।२७५।।

बड़े घर की बेटियां बडी होतीं है ।
बिगडी बात को सुधार लेती हैं ।।२७६।।

पतिव्रता फाटा लता नहीं गला मे पोते ।
भरी सभा में ऐसी दीपे हीरां कोसी जोत ।।२७७।।

अपतिव्रता फाटा लता घन बांका दीदार ।
कहे कालू किस काम का वैश्य का शृंगार ।।२७८ ।

नारी पराई के अपनी भुगते नरके जाये ।
आग आग सब एक सी देती हाथ जलाये ॥२७६॥

नारी नासवे तीन गुण जो नर पासे होय ।
भक्ति मुक्ति और ज्ञान ध्यान में बैठ सके नहीं कोय ॥२८०॥

अमर मरन्ता मैं सुन्या, ढोर चरावे धनपाल ।
लक्ष्मी छाणा बीणती, धन धन ठन ठन पाल ॥२८१॥

आठ पहर चौसठ घड़ी मो मन में यही अंदेश ।
या नगरी प्रीतम बसे मो जानो परदेश ॥२८२॥

बाहर भीतर समता राखों जैन में फहन[1] न खटसी रे ।
कायर तो कादा में खूचियाँ शूरा पार उत्तरसी रे ॥२८३॥

जो भवरतन चिन्ता मणि सरखों बारम्बार न मिलसी रे ।
चेत सके तो चेत रे जीवडा एवो जोग न मिलसी रे ॥२८४॥

जितनी वस्तु जगत में नीच नीच ते नीच ।
उसमें मैं हूँ अधम अतिफंस्यों मोह के बीच ॥२८५॥

देव गया द्वारका पीर गया मक्का ।
अंग्रेजों के राज्य में ढेढ़ मारे धक्का ॥२८६॥

पाँच सात मिल सहेलियाँ हिल मिल पानी जाय ।
ताली दे खड़ खड़ हँसे चित्त गगारियाँ माँय ॥२८७॥

अवधूत देश हमारो नियारो ज्ञान विचारों ।
यहाँ ज्यां जन्म मरण नही, नहीं विषय विकारों ॥२८८॥

---

१ ढोंग

अरे चाटते जूठे पते जिस दिन मैंने देखा नर को ।
उस दिन सोचा क्यों न लगा दूँ आज आग इस दुनियाँ भर को ।।२८९।।

सत संग की आधि घड़ी सुमिरन वर्ष पचास ।
वर्षा बरसे एक घड़ी रहट फिरे बारह मास ।।२९०।।

सोना सज्जन साधु जन टूटी जुरें सो बार ।
दुर्जन कुम्भ कुम्हार का एकै धक्का दरार ।।२९१।।

पारस परसत कचन भई सुवर्ण भई तलवार ।
ये तीनो नहीं बदला मार काट और धार ।।२९२।।

जा घट प्रेम ना संचरे सो घट जान मसान ।
जैसी खाली लुहार की श्वास लेत बिना प्राण ।।२९३।।

सूली उपर घर करे विष का करें आहार ।
ताको काल क्या करे आठो पहर होशियार ।।२९४।।

ज्यों तिल भीतर तेल है ज्यो चकमक में आग ।
तेरा प्रीतम तुझ में जाग सके तो जाग ।।२९५।।

कबिरा आप ठगाई और न ठगिएँ कोय ।
आप ठगे सुख होत है और ठगे दु:ख होय ।।२९६।।

जीव दया में खरचतां रोवे बहने बनावे ।
यश शोभा में निर्थक धन खोवे वृथा रोवे ।।२९७।।

जिन के धन होता कई करोडी ।
उन के संग नहीं एक कोडी ।
कई करोडी दल लाखों ही हाथी ।
वो भी परन्तु गये नंगे नहीं कोई साथी ।।२९८।।

हरि हलधर चक्री नर राशी ।
अन्त सब ही समसाण के वासी ॥२९९॥

बान्ध लिया नाना और मामा लम्बी कर के पूंच्छ ।
कहो जोर अब कहां गया कहे तान कर मूंच्छ ॥३००॥

प्रथम सात अक्षर पढो पांच पढो चित्त लाय ।
सात सात नव अक्षरा पाप सकल क्षय होय जाय ॥३०१॥

हरिया माला सांस की जो नित फेरी जाय ।
काटे फंदन कर्म का जीव न जमपुर जाय ॥३०२॥

शब्द शब्द तू क्या करे शब्द को हाथ न पाव ।
एक शब्द औषध करे एक शब्द करे घाव ॥३०३॥

बकरी बच्चा लाख लाखें विचारां ।
सिंहण बच्चा एक एकें हजारां ॥३०४॥

दुर्जन की करुणां बुरी भलो सुजन का त्रास ।
सूरज जब गरमी करे तब वर्षन की आस ॥३०५॥

जाओं भैया प्यारे भैया रहेगा नाम तुम्हारा ।
जब तक चमके चान्द सितारें चमकेगा नाम तुम्हारा ॥३०६॥

धर्म समर में कभी भूल धैर्य नहीं खोना होगा ।
वज्र प्रहार भले शिर पर हो किन्तु नही रोना होगा ॥३०७॥

आगे आगे दो बले पिच्छे हरिया होय ।
बलिहारी उस वृक्ष की जड़ काटे फल होय ॥३०८॥

ज्यों सब रतनादिक सदन मही बिन और न कोय ।
त्यों शिव सुख रतने भरी तुम आत्मा मन सोय ॥३०९॥

ज्यों अंकुर से मही भरी, जल बिन नहीं प्रकटाय।
त्यों तुज गुण अंकुर सब प्रबचन बिन सब छाया ॥३१०॥

ज्यों सारग लखें नहीं भरी सुगन्ध निज देह।
त्यो तू निज गुण नहीं लखें शुक्ल ध्यान बिन देह ॥३११॥

हम खाये पिये मौज करे व्यापार करे नित्य गल्लों का।
सामायिक प्रतिक्रमण करना काम येह निठल्लों का ॥३१२॥

आजकल के अधम विचारों का वर्णन

नरमाई दिली करड़ाई किष्ण गढ़ मठोड़ मेवाड़ मालवे में चतुराई है।
रहना अजमेर खाना विकानेर कमाई कलकत्ता मौज बम्बई भारी हैं।
अमीरी आगरा गरीबी गुजरात लाज मरियाद उदय पुरी प्यारी है।
कहे जड़ाई मारवाड की घड़ाई जयपुर की छबी देख स्वर्ग पुरी हारी है
॥३१३॥

ऐश्वर्य धन साधन भोग के हैं सिनेमा विषय विकार के हैं।
देखा विचार कर कारण सब रोग के है और कान आंख विकार के हैं
॥३१४॥

सुने शिखर के महल में सद्गुरु कृपा पाई कुटी।
देखी वहां संतोष औषधी पीते ही व्याधी मिटी ॥३१५॥

कौशल्य उसका पान कर नहीं देर का कुछ काम है।
पिया जहां तहां देखले तू आप ही सुखधाम हैं ॥३१६॥

इस लोक की उस लोक की लाखों करोड़ों कामना।
शुद्धात्म कर्मो से रहित कर मालीन मिथ्या भावना ॥३१७॥

अज्ञान कारण जन्म का अज्ञान से संसार हैं ।
अज्ञान से होवे मरण, अज्ञान दुःख भण्डार हैं ।।३१८।।

भरण पोषण की जिसे चिन्ता लगी भरपूर है ।
उससे परमपद सैकडों लाखों ही कोसों दूर हैं ।।३१९।।

पुरुषार्थ को करो सदा नर, कर्म कर्म तू क्या गावे ।
ऐसी वस्तु जो नहीं दुनियां में पुरुषार्थ से ना पावें ।।३२०।।

बहुधंधी बहुवेटियां दो नारी भरतार ।
बाने मत मारजों ठाकरां ज्यांने मार्या करतार ।।३२१।।

सौभग्यमल भुरटा बीज बिना नही रे बीज न भुरटा टार ।
मुरगी बिन अण्डा नहीं प्यारे या बिन मुरग की नार ।।३२२।।

नाक छिदाई आपनी रति कनक के काज ।
तुलसी ऐसी त्रियन को कहां मरम कहां लाज ।।३२३।।

वैभव गया सुख खो गया फैली अन्धेरी रात रे ।
चिन्ता चिता तेरी आगे देखती अब बाट रे ।।३२४।। चिन्तामणी

हाथ छुड़ाय जात हो निर्बल जान के मोय ।
हृदय से जब जायगा बली समझूंगा तोय ।।३२५।। बिल्वामंगल

इक बार भगत प्रेम ईश्वर दा जेड़ा सचे दिल नाल बन जांदा ।
मिट जांदे संस्य शरीरां दे वैकुण्ठ अमर पद जांदा ।।३२६।।

दिलदार कमंदा वालेदा लग सीने तीर नीसंग जांदा ।
लूट जांदे मान हुसनांदे सोहनियां गली तों लंग जांदा ॥३२७॥

रघुवीर सिंह

राजा राणा छत्रपति हाथियन के असवार ।
मरना सबको एक दिन अपनी अपनी बार ॥३२८॥

दल बल देवी देवता मात पिता परिवार ।
मरती विरियाँ जीव को कोई न राखनहार ॥३२९॥

दाम बिना निर्धन दु:खी तृष्णा वश धनवान ।
कही न सुख संसार मे सब जग देखा छान ॥३३०॥

जग वासी घूमें सदा मोंह नीद के जोर ।
सब लूटे नही दिसता कर्म चोर चहु ओर ॥३३१॥

चौदह राजु उतग नभ लोक पुरुष संठान ।
ता में जीव अनादि ते भरमत हैं बिन ज्ञान ॥३३२॥

धन जन कंचन राज सुख सब ही सुलभ कर जान ।
दुर्लभ है ससार में एक यथार्थ ज्ञान ॥३३३॥

मार्तण्ड के उदय से जगमग हुआ आकाश ।
क्या तारा क्या चन्द्रमा सबका छूपा प्रकाश ॥३३४॥

कहाँ गुण दोष पराये को देखूं ।
कमी क्या मुझ में दोषों की हैं ॥३३५॥

कथा पुराण श्रवण में मीठी नींद सदा आ जाती हैं ।
पड़ते ही विस्तर पै किन्तु चिन्ता मन को खाती हैं ॥३३६॥

कर्म की गति ऐसी गहन है रोने से क्या पाना ?
ज्ञानी कर्म की गति को जानता है समता से सब जाना ॥३३६॥

पहले जोड़ा संत संग तुका हुआ पांडुरंग[1] ।
भजन का तांता टूटे क्यो मूल स्वभाव छूटे क्यों ॥३३७॥

दिये गाली एक हैं पलटयां गाली अनेक ।
जो गाली देवें नहीं रहे एक की एक ॥३३८॥

आम फले पत राख के मट्ठ फले पत खोय ।
ताका पानी जो पिये पत्त कहां से होय ॥३३९॥

(तुलनात्मक बड़ा कौन)

१ एक बोला कि पृथ्वी बडी ।
अरे पृथ्वी काय की बड़ी वो तो शेष के सिर पर खड़ी ।

२ एक बोला फिर शेष बड़ा ।
अरे शेश काय का बड़ा वो तो शकर के गल्ले में लपट के पड़ा ।

३ एक बोला शकर बड़ा ।
अरे शंकर काय का बड़ा वो तो नन्दी पे खड़ा ।

४ एक बोला नन्दी बड़ा ।
अरे नन्दी काय का बड़ा वो तो कैलाश में खड़ा ।

५ फिर एक बोला कैलाश बड़ा ।
अरे कैलाश काय का बड़ा वो तो रावण ने एक तीर में उखाड़ा ।

६ फिर एक बोला रावण बड़ा
अरे रावण काय का बड़ा वो तो रामचन्द्र ने एक तीर में उखाड़ा ।

---

१ निराकार

७ एक बोला रामचन्द्र बड़ा ।
अरे रामचन्द्र काय का बडा वो तो साधु सन्तों के चरणों में पड़ा ।

८ एक बोला गुरु बड़ा ।
एक बोला चेला बडा ।
दोनो झगड़ा पडा ।

९ ज्ञानी बोला गुरु बड़ा ॥३४०॥

काशी जावे मथुरा जावे फिरता फिरे तमाम ।
जाय हिमा अल करे तपस्या नहीं पावे आत्मराम ॥३४१॥

भज ले राम नाम सुखधाम ।
तेरा पूर्ण हो सब तमाम काम ॥३४२॥

राम किसी को मारे नहीं सब से मोटा राम ।
आप ही मर जायेंगे कर कर खोटे काम ॥३४३ ।

बोली रूपी गोली भर तक तान तमचे मारी ।
बात काटती गात चरती लकड़ी जैसे आरी ॥३४४॥

कड़वा बोल मत बोलो कडवा बोल आत्मा को मालीन बनावे ।
गोली बर्च्छी तलवार भाले का घाव भर जावे ॥३४५॥

किन्तु कडवा बचन जीवन भर तड़फावे बेचैन बनावे ।
कडवा बोलने वाला दुर्गतियो में जावे फिर नर जन्म न पावे ॥३४६॥

देखा देखी लेवें योग बदनाम होवें लोग ।
घटे काया बढे रोग मनुष्य भव का होवे वियोग ॥३४७॥

जो बन्दा मरने से न डरे कर्मों के ऊपर विजय करे ।
वो चाहे सो करे पर मानव समाज का कल्याण करे ॥३४८॥

बाहर जमायी फूल बराबर भहर जमायी भाया ।
घर जमायी गदेहे बराबर जब चाहे तब लादा ॥३४९॥

सौंसरा सुख बासरा, दो दिनों का आसरा ।
पाँच दस तो कुछ कहों, नाक कटा के चाहे सारी उम्र रहों ॥३५०॥

तीर्थ सांसू तीर्थ सुसरा तीर्थ साले साली का ।
मात पिता को कुएँ में डालों बड़ा तीर्थ घर वाली का ॥३५१॥

खोत्यां बे खोत्यां आवे ऊरो खलोत्यां ।
कच्चियां ले आयेगा पक्कियां ले जायेगा ।
आवे नहियो मुकना तेने नहियो छूटना ।
तमाम उमर लकड़ियों से पीटना तू नहियो छूटना ॥३५२॥

भल्ला भल्लायी बुरा बुरायी कर देखों रे भाई ।
चिट्ठी मिली थी पण्डित को नाक कटायी नाई ॥३५३॥

दगा किसी का सगा नहीं कर देखों रे भाई ।
जिस जिस ने दगा किया हैं उसका ऊजड़ा घर देखों रे भाई ॥३५४॥

ऋतुओं के अनुसार आहार विहार ।
करना भी आरोग्य की कूंजी है ॥३५५॥

काली घणी करूप, कसतूरी कांटा तुलै ।
सक्कर बड़ी सरूप रोड़ा तुलै राजिया ॥३५६॥

भावार्थ—कस्तूरी बहुत ही काली होती है बदसूरत होती है। किन्तु तोलो माशों से काँटे पर तुलती है राजिया ? शक्कर अत्यन्त सफेद और खूबसूरत होने पर भी तराजू मे पत्थरों से तोली जाती हैं। अर्थात् गुणों से कीमत होती हैं न कि रूप से ।।

एक साधे सब सधे सब साधे सब जाय ।
रहिमन सींचे मूल को फूलै फलै अघाय[1] ।।३५७।।

जान बूझ अजुगत[2] करे तासो कहा बसाय ।
जागत ही सोवत रहे कैसे ताहि जगाय ।।३५८।।

नहीं देनी सो देत हों कहाँ लगी लिखिये लेख ।
अनहद करुणा रावरी विधि पे मारी मेख ।।३५९।।

दरद बड़ा जो बन गया जान न पाया कोय ।
पछताये क्या होत है लिखी भयी सो होय ।।३६०।।

जो कह झूठ मसखरी नाना ।
कल युग सोई गुनवन्त बखाना ।।३६१।।

साँसू आंगने बहु पलंग पर देवर पीसना पिसेंगा ।
सुसरा जी की काम न रखे जेठ घूंटा काडगा ।।३६२।।

आनन्द हृदय में हैं पहिचान में नही ।
आनन्द गाने में है तान में नहीं ।
आनन्द स्वधर में है जहान में नहीं ।
आनन्द भावना में है सब स्थान में नहीं ।।३६३।।

---

१ खूब   २ अनुचित कार्य

अभाव अन्न का नहीं मन का है।
अभाव मौत का नहीं जीवन का है।
लेकिन मेरी नज़र उस पार देखती है।
अभाव भोजन का नहीं भजन का है ।।३६४।।

अरे यह बात हैं तो खेद क्या है।
भरत और मुझमें भेद क्या है ।।३६५।। मैथलीशरण गुप्त

तुलसी मीठे वचन ते सुख उपजे चहुं ओर।
वशी करण एक मन्त्र है परिहरू वचन कठोर ।।३६६।।

रत्न पड़ा बाज़ार में गर्द रहा लिपटाय।
मूर्ख नर जाने नही चतुर लिया उठाय ।।३६७।।

जैसा खावें अन्न वैसा होवें मन।
जैसा पीवे पानी वैसी निकले वाणी ।।३६८।

चोर न चाहे चान्दनी सूम न मांगन हार।
मूर्ख चाहे चतुर गुण खल ना भले विचार ।।३६९।।

रूप शील कुल वित्त बड़ा सुख शोभा सतकार।
देखी और जो कुढे ताको रोग अपार ।।३७०।।

देव विप्र राजा रमनि रोगी बूढ़ो बाल।
निग्रह किजे क्रोध को इनसों सदा नृपाल ।।३७१।।

रहे न कौड़ी पाप की ज्यों आवें त्यों जाय।
लाख को धन पाय के मरे न कफ़न पाय । ३७२।।

सहस्त्र सुख भी आरोग्यता के बराबर नहीं ।
माघ गलेला भदौं बेला जेठ मास में प्यास की बेला ।।३७३।।

आँखन त्रिफला दाँतन नोन चौथाई छोड़ के जो खावें पौन ।
सांझ सकारे छाड़े जावे ताकों पैसा वैद्य न खावे ।।३७४।।

अति हाँसी दासी संगत नृप वैश्या विश्वास ।
स्थिर वासी योगी यति निश्चय होत विनाश ।।३७५।।

मौज मुनि सत गुरु को सेवों भवसागर से तारे ।
मोनी तो सदा उज्वला नाम प्रभु का पार उतारे ।।३७६।

अग्नि तृग सहना सुगम सुगम खड़क की धार ।
नेह निभाना एक रस महा कठिन कर्तार ।।३७७।।

वैरी वन्धु वानियाँ ज्वारी चोर लवार ।
विभाचारी रोगी ऋणी नगर नारी को यार ।
नगर नारी को यार भूल परतीत न किजे ।
सौ सौ सोहें खाह चित एको नहीं दीजे ।
कहे गिरधर कविराय घरे आवे अन गैरी ।
हित की कहे वनाय जानिये पूरो वैरी ।।३७८।।

आज्ञा भंग कवि ने वर्णन किया

मित्र मेरे भो घात नू करने वाला, पुत्र मरे जो आज्ञाकार नहीं ।
राजा मेरे जो प्रजा नू दुख देवें प्रजा मरे जो दिलो हितकार नहीं ।
धनी मरे जो धन नू जोड़ जावे, सूंम मरे जो दिलों उदार नहीं ।
नौकर मरे जो इन्कार करने वाला, हाकिम मरे इन्साफदार नहीं ।

पंच मरे गरीबाँ नूँ दु:ख देदाँ जिहदे घर दी मुकदीकार नहीं ।
सेवक मरे जो सेवा न करे कोई, साधु मरे विवेक विचार नहीं ।
शिष्य मरे जो सिदक नूँ हार आवे गुरु मरे जो श्रेष्ठाचार नहीं ।
रोगी मरे जो सदा रहे दु खियाँ वैद्य मरे जिसदा दवा दारूकार नहीं ।
पुत्र मरे जो कुल नूँ दाग लगावें नूँह मरे जेहडी शर्म रास नहीं ।
थोह भी मरे संसार तो ब्रह्म रूपा जिसदा रब्ब दे नाल प्यार नहीं ।
॥३७९॥

आशा ममता कामना तृष्णा गर्भ कराल ।
एक त्रिया के नेह से भया दु:ख जंजाल ॥३८०॥

मैल मूत्र दुरगन्ध अति हाड़ मास अरू चाम ।
रक्त नर्क की पूतली ताके होत गुलाम ॥३८१ ।

सीन सावन वीच लदनी खंड मंदी ।
दुजा ऊँटाँ दे लदना भार मंदा ।

तीजी नार पराई ते प्रीत लागी मंदी ।
चौथा घड़े दे लंघना पार मंदा ।

पंचमी मूर्खा नूँ मदी मत देनी ।
छ:वा चूड़े नूँ देना उधार मंदा ।

कहेंदा विधी चन्द ये छः गलाँ मदीयांनी ।
सातमा औरत दे करना इतबार मंदा ॥३८२॥

दादू दावा दूर कर निरदावा दिन काट ।
केती सौदा कर गए पनसारी की हाट ॥३८३॥

दादू दावा आदि का निर दावा कैसा ।
दिल की दूर मति दूर कर सौदा कर ऐसा ॥३८४॥

विषमा यह चित्र जान के शेष न दिन्हें काम ।
धरा मेरु सब डोलते तानसेन के तान ॥३८५॥

साध मिला यह सब मिटें काल जाल जम चोट ।
शीश नवावत ढहि पड़ी सब पापन की कोट ॥३८६॥

सुख देवें दुःख को हरे दूर करें अपराध ।
कहे कबीर वह कब मिले परम स्नेही साध ॥३८७॥

साखी लाय बनाय कर इत उत अक्षर काटि ।
कहे कबीर लग जिए जुठी पत्तल चाटी ॥३८८॥

कीधौं शूर को शर लग्यों कीधौं सूर कीं पीर ।
कीधौं सूर को पद लग्यों तन मन धरत न धीर ॥३८९॥

बालक की आंखों में संस्कारों का पुण्य छिपा ।
रवि के बचपन मे भी उसका रहता है तारूण्य छिपा ॥३९०॥

शैव भक्ति जैन दया मुसलमान विश्वास ।
जो चाहों सो देखलों आकर शिशु के पास ॥३९१॥

गुण ग्राही बनिये सदा लागत कछु नहीं मोल ।
अवगुण जावे आप का पावे सुख अनतोल ।
पावे सुख अनतोल जग में लोग सराहें ।
परभव सुर अवतार अन्त में शिव पद पावें ।
कहत कवि कर जोर ज्ञान की बाते सुनिये ।
लागत कछु नहीं मोल गुणों के ग्राहक बनिये ॥३९२॥

साध कोल बैठ के नफा की खटना ।
समय बरबाद करना घर अपना मुफत पटना । ३९३ ।

अपसी कमाई नाल आप तरणा ।
असी भगवान दा भजन करना ।।३९४।।

विपदाएँ आएँ आने दे, बाधाएँ आएँ आने दे ।
हँस-हँस काँटों पर धर पद तल तू अपनी धुन के पीछे चल तू ।
दुनियाँ क्या कहती कहने दे तू अपनी मस्ती रहने दे तूं ।
तू जरा न अपने पथ से टल तू अपनी धुन के पीछे चल तू ।।३९५।।

कष्ट सागर में गिरो गर पाप मल धोना है तुम्हें ।
दुःख की अग्नि में जलो, बनना है गर सोना तुम्हें ।।३९६।।

सब धरती कागज़ करूँ लखेनी सब बनराय ।
सप्त समुन्दर की मसी करूं गुरु गुण लिखा न जाय ।।३९७।।

मिलता सेती मिलता रहिये जो कोई होंवे नेमी ।
कूड़ कपट के पास न, जाइये दगेबाज और वहमी ।
काची कलियां कोमल तोड़े बोले मृषावाद ।
साध संत की करें निन्दा फूटे उसके भाग ।।३९८।।

पंजाबी कविता

कुमारियाँ दी जड़ी बुरीगधे वाली अड़ी बुरी ।
पोष वाली झड़ी बुरी बुरा सावनदा पूरा जी ।
थोड़ा दा दौलत बुरा आदमी कपता बुरा ।

योगियाँ दा मता बुरा बुरा खूनी छुरा जी ।
पयाली विच जड बुरी महल विच बड़ बुरी ।
फलाँ विच खड़ बुरी बुरी है वेगुरी जी ।
पैर कट जुती बुरी चोरी बड़े कुत्ती बुरी ।
भली सीत सती बुरी भरथु मचावे जी ।
चूहड़ दी जुवानी बुरी रन्न मस्तानी बुरी ।
दोस्ताँ दी कानी बुरी पीड़े ज्यों कुमाद जी ।
सेज चढी नार बुरी चूहे पई छन्न बुरी ।
लाठियाँ दी भन्न बुरी करे चकना चूर जी ।
कंजरी दा नाला–बुरा धर्म शाला ताला बुरा ।
दगेदार साला बुरा रखे टेडी धौन जी ।
कन्नाँ विच खंजुरा बुरा बखी विच हुरा बुरा ।
कोठी विच छत बुरी, सोदे विच तत बुरी करनी भत बुरी पुलिस मुलाकात जी । शेरदा शिकार बुरा नांगांदा प्यार बुरा ।
बुरा दगेदार यार जी ।
वदी विच गाँव बुरा मेंह वगैर सावन बुरा ।
औरताँ दा कामन बुरा ईश्वर सिंह बुरा है जो कातिक बहुता खावना जी ।
खंगनूँ है तेल बुरा लुचयां दा मेल बुरा, चलदी चढे रेल बुरा ।
ईश्वर सिंह बुरा है भग्गेओं वाला जेल जी ।
झूठा साहूकार बुर झूठेदा व्यवहार बुरा ।
झूठी नीत प्रीत बुरी ईश्वर सिंह बुरा हैं प्रीत लाये जो चंडाल जी ।
संतदा सराप बुरा जीव मारे पाप बुरा ।
दिक चढ़े ताप बुरा ईश्वरसिंह बुरा है मतरई वाला साकजी ।
खोटा सिआर बुरा लकड़ी ने मारा बुरा आदमी निकम्मा बुरा ।

फल कौड़ा तुम्बा बुरा जामनदा जम्या बुरा,
ईश्वरसिंह बुरा हैं दर्याव वाला घूमावजी ।
पानी बिनधान बुरे सड़े हुए पान बुरे ।
घोड़े नूं बादाम बुरे ईश्वरसिंह बरे है काबली जुवानीजी ।
रण चढ़े धोती बुरी है सलाह देनी खोटीजी ।
लाड़ रखनी नार बुरी चिकड़ वाली हैन बुरी ।
बाजे बिना जंञ बुरी ईश्वरसिंह बुरी हैं बदूकां वाली फड़जी ।
कलियुग दां जामन बुरा दोस्त होके तानाह बुरा ।
झूठा हर्जाना बुरा ईश्वरसिंह बुरा है समय बगैर गानाजी ।।३९९।।

जाट जंमाई भानजा रेबारी सुनार ।
येह पांचों नहीं अपना कर देखो उपकार ।।३४०।।

डावीं छींक जिमनी खासी रोती मिले सासरे जाती ।
सामी बैल सींगां आवें तो लंका को राज विभिषण पावें ।।४०१।।

खर डावा विषधर जिमना मूरदा लेवे पूंठ ।
जो चन्द्रमा सम्मुख हो तो लंका लावे लूट ।।४०२।।

चिड़ी चोंच भर ले गई नेक न घटियों नीर ।
दान दिए धन नहीं घटे कह गए दास कबीर ।।४०३।।

माला मन की भली और काठ का भार ।
अगर माला है गुण होता तो क्यों बेचता मनहियार ।।४०४।।

कर्मे इन्द्र विगोयिया कर्मे चन्द्रकलंक ।
कर्मे मोटा राजा बन बन फिरे निशंक ।।४०५।।

बाल पना में खेल खेल्यों जवानी में हल हांक्यों ।
बुढ़पे में माला पकड़ी रामजी थारों ही मन राख्यों ॥४०६॥

सकल सम्पत्ति चाहे कल लूटे ।
पर किसी का न साधु संग छूटे ॥४०७॥

भोग भले न सेहो रोग शोक के दानी ।
शुभ गति रोकन वोह दुर्गती पथ अगवानी ॥४०८॥

क्यों विचलित होता है देख नारी को ऐ भैया ।
क्या भूल गया नारी ही तो है प्यारी मैया ॥४०९॥

ढेड़ चामार को सज्जे नहीं धोती कांच का मणियां बने नहीं मोती ।
दुश्मन बात कहे अनहोती व्याहा कारज को बिगाड़े गोतो ॥४१०॥

क्षत्री काला करोड़ में कायिस्थ सो मैं सूम ।
बनियां पूंगा लाख मैं ब्राह्मण पूंगा कौम ॥४११॥

उड़ रही थी व्यर्थ की गप शप कि घण्टा बज गया ।
मौत का ज़ालिम कदम एक और आगे बढ़ गया ॥४१२॥

मनाया पर्व छमछरी का, हुई बहुत प्रभावना ।
आप से इस वर्ष में है सम्वत्सरी सम्बन्धी बारम्बार खिमा बना
॥४१३॥

कदाचित आग के शोले नहीं झरते पानी से
सदा अमृत बरसती महापुरुषों की वाणी से ॥४१४॥

मौत मुकदमा मान्दगी मन्दा व्यापार और मकान ।
इतने अम्मे जब लगें कैसे बचेंगें प्राण ॥४१५॥

मक्खन मक्खन काढ लिया फेर खाली छाछ विलोएगा के ।
"हुस्नो" कहे खुदा मेरा जाणे मूर्या पीछे रोणा के ॥४१६॥

उठ गई हाट निमड गया सौदा फिर मूर्ख पछताता है ।
"हुस्नो" कहे खुदा मेरा जाणे काल सभी को खाता है ॥४१७॥

किस ऐंठ में फिरता हैं पागल यह हवा रहनी नहीं ।
मध्याह्न भी सन्ध्या समय रवि की प्रभा रहनी नहीं ॥४१८॥

दूसरों को दुःख दे खुद सुख पाता नहीं ।
पैर में चुभते ही कांटा टूट जाता वहीं ॥४१९॥

सैकड़ों कीजिये यतन पर पाप कृति छुपती नहीं ।
दाबिये कितने ही खांसी की ठसक रुकती नहीं ॥४२०॥

मित्र रवि के साथ उडूपति क्यों मलीन मुख हो रहे ।
दूसरों के द्वार पर जो भी गया सब रो रहे हैं ॥४२१॥

न जग त्यागो न हर को भूल जाओ जिन्दगानी में ।
रहो दुनियां में ज्यूं जैसे कमल रहता है पानी में ॥४२२॥

थोड़े रोज रहदीं ओहदी बादशाही जिसने, जुलमदी लाई होई झड़ी होवे ।
इक दिन जमींदे नाल पटक जे समान ते गुडी जिसदी चढ़ी होवे ।
जिस तों मिले इन्साफ न इक रति तुलदी जुल्मदां घड़ी पर घड़ी होवे ।
दिन थोड़ा यांदा ओ मेहमान यारों जिसने चाल पुठी फड़ी होवे ॥४२३॥

कंठ खुशक मैं तो बोल्यां न जान्दा इक घूट पिलादे ओ पानी का ।
खोल बता दूं मैं हाल आपको निज बिती कहानी का ।

गनका के संग मोल विकी जो में बच्चड़ा उस राणी का ।
जिस का मोल करे हैं भगी कभी मालक था राजधानी का ।
इतनी कह के रो पया बच्चड़ा नैनों में डोरा पानी का ।

रोहत राज कुमार

इकीस दिन होये जल नहीं पीता समझों न उमर नयानी का ॥४२३॥

पांजाबी कविता

ये चित हरान होया यारों कलु काल दे देख ग्यानियाँ नूँ ।
आतश कपट दी अदरों साड़दीए मुँहों बोल दे सुख अरफानियाँ नूँ ।
करके शान फरेब फरेबियाँ ने खाहा लूट के कुल जहानियाँ नूँ ।
अज कल दे देख लो साध यारों जेहड़े चेलियां करन जनानियाँ नूँ ।
माल जान घर बार सारा साधाँ ऊपरों करन कुर्बानियाँ नूँ ।
जेहड़ा मत देवे उन्हें देन गालाँ
करे कौन उपदेश दिवानियां नूँ ॥४२४॥

जे जबर जेर शकल इको ए पर जबर उत्ते नीचे जेर होवे ।
जबर दस्त दा हथ हमेशा उत्ते लोकाँ विच ए गल जौफर होवे ।
सुनी असाँ वी रमज एह आरफाँ तो जेहड़ा रहे नीचा सोही ढेर होवे ।
ए पर असाँ वी तकड़ी तोल दिट्ठा पाव रहे उच्चा हेट्ठा सेर होवे ।
॥४२५॥

नीवें, रहन इन्सान समर्थ वाले फलाँ लग्याँ जिस तरह बेर होवे ।
इकों शकल ज्ञानियाँ मूर्खां दी एपर अकल दा सज्जनों फेर होवे ।
स्याने जुल्म ते दस्त न चाहम दे ने भावें हुक्म दी हथ शमशेर होवे ।
इको जयाँ न वक्त हमेश रहदा कदी संध्या कदी सवेर होवे ॥४२६॥

कदी जन्म हुंदा कदी मरण हुंदा कदी चानना कदी अन्धेर होवे ।
मुंहों बोलिये कद मिकदार उसे गल्लां नाल नहीं पुरुष दलेर होवे ।
बुरे कम्म नूं नित तारीक पाइये भला करदयां कदे न देर होवे ।
स्थिर चित्त हमेशा ज्ञानियांदा ते मूर्खां विषय दे विच ढेर होवे ॥४२७॥

पता लगदाएं अंग दे विच आके केहड़ा गीदड़ ते केहड़ा शेर होवे ।
बड़ा फ़रक़ हैं ज्ञानियां मूर्खां दा जिवें राइदे नाल सुमेर होवे ।
नीवी नज़र हमेशा ज्ञानियां दी छुट्टी जिन्हां ने जग दी मेर होवे ।
मूर्ख दौलतां कदे न होन नीवें विच जिन्हां दे मेर ते तेर होवे ॥४२८॥

प्यारे जान मनुष्य दा जन्म औखा ऐवें ऐस नूं नहीं गवा मित्तर ।
बड़े पुन्न जद जीव दे जमां होवन, मिले जन्म मनुष्य दा आ मित्तर ।
अंग अंग दे वल ध्यान कर लां, अंगदा मुल्ल ते पा मित्तर ।
लख खरचियां अंग न इक मिलदा, भावें पूछ 'सर्जना' सौदागरां जा मित्तर ।
॥४२९॥

भाड़ा शौक ते श्रद्धा दा नक़द लेके, अग्गे गुरां दे देह टिका मित्तर ।
गड्डी ज्ञान वाली लेके चढ़ औथों, अपने वतन मुकाम नूं जा मित्तर ।
॥४३०॥

प्याले पी शराब दे जुल्म करें, बदफैलियां दा नाले चा मित्तर ।
तेरे बदले कौन जवाब देसी, जदो होवसी पुच्छ पूच्छा मित्तर ।
नाल सोहणियां सूरतां मौज माने, करें रलियां नाल चा मित्तर ।
ऐ पर एह स्वाद तद आवसीगा जदों, पावसें सख़्त सजा मित्तर ॥४३१॥

तू तां आइयों मुसाफरी रात कट्टन, दुनियां विच जो मिलख सरां मित्तर ।
गुजरी रात परदेसियां कूंच करसे, हों सी सुबह चला चली मित्तर ।
॥४३२॥

इक जन्म ऐसा दूखी तन्दुरुस्ती तीजा शकल भी होवे सफा मित्तर ।
चौथा इलम नाले मिले नेक सोहबत एसा समां न मिले हरजा मित्तर ।
पिच्छे विषय विकरदे रोहड़ बैठा, बेड़ा आपना कंढे लगा मित्तर ।
हीरा जन्म मनुष्य दा हथ आया बदले कौड़ियां नहीं लुटा मित्तर ।
वांग रेल गाड़ी उमर सफ़र करदी नहीं एस नूं जरा टिका मित्तर ।
मिट मिट करके पई नित जांदी खोल अक्खियां देख सफा मित्तर ।।४३३।।

आप गल करिये कदे ना हँसिये, बच्छा चूंगे गाय को कदे न दसिये ।
गुप्त गल्लां किसी की कदे ना दसिये, चू गल में किसे देना फंसिये ।।४३४।।

रोहणी नक्षत्र पहला पाद—पहली रोहिणी जल हरे द्वितीय पाद—दूजी
रोहिणी ऋण हरे ।
तृतीय पाद—तिजी बाहतर ७२ खाय, चतुर्थ पाद—समुद्र पेली कणे जाय ।।
पूरा वसिया ना कोई जग उत्ते, बडे बडे आला इल्मदार मर गए ।
कोडी कोडी जोड़े सूम वांगूं, कारूं बादशाह जेहे मालदार मर गए ।
जिन्न जिन्हां तों खौफ खावदे सन रुस्तमे हिन्द जेहे जोरदार मर गए ।
अफलातून लुकमान हक्कीम मिलखी, हिकमतां विच बड़े बड़े समझदार
मर गए ।।४३५।।

भोला जानवर मिशल मशहूर कबूतरां दी ।
खचरा पंछियां विच ना कां ज्या ।
भरे मेवां दे नाल रूख डिठे ।
डिठा सुख ना बोड दी छां ज्या ।
इसे वास्ते हिन्दूआं कहया माता
कतल गौ नूं बुरे गुनाहां ज्या ।
मां मरे ते पाल दी बच्चयां नूं ।

नहियों दुध बहान ते गाय ज्या ।

आपस विच न देखिये लडे होये ।

खून पगरे नहीं भरां ज्या ।

शायद विच उजाड़ दे मिले दुश्मन ।

फिर जोर नहीं अपनी वाहां ज्या ।

मा–भरां–गौ काली दास सब साक ने मतलवां दे ।

देखा साक नहीं जग ते मां ज्या ॥४३६॥

यह लाश मनुज की नहीं मनुषता के सौभाग्य विधाता की ।

बापु की अर्थी नही चली अर्थी भारतमाता की ॥४३७॥

बेटा झगड़त बाप से करत तिरिया से नेह ।

बार बार यों कहे हम जुदा कर ले गेह ।

हम जुदा कर देह गेह में चीज सब मेरी ।

नहीं तो करेंगे ह्वार पतिया जायगी तेरी ।

कहे दीन दरवेश देखों कलयुग का टेटा ।

समा पलटयों जाय बाप से झगडन बेटा ॥४३८॥

धन वोह रडियों को देकर बात अभिमानी करे ।

पाप के भागी हैं वोह जो धर्म की हाणी करे ।

फिर उसी धन को लेके रडियां कुर्वाणी करे ।

मांस और मदिरा मंगा भडवों की मेहमानी करे ॥४३९॥

पैसा बिन मात तो पूत को कपूत कहे ।

पैसा बिन बाप कहे बेटा दुःखदाई है ।

पैसा बिन भाई–बन्धु–सम्बन्धी अजान रेत ।

पैसा बिना भाई कहे किस का तू भाई हैं ।

पैसा बिन जोरू संग छोड़कर जाय चली ।
पैसा बिन सास कहे किस का जमाई है ।
पैसा बिन पड़ोसी कहत है गवाँर है तू ।
आज के जमाने में पैसे की बड़ाई है ।।४४०।।

गुरु लोभी चेला लालची दोनों खेलें दाव ।
दोनों डूबी बापड़े बैठ पत्थर की नाव ।।४४१।

पारस में अरु संत में बड़ा आन्तरा जान ।
वो लोहा कंचन करे वो करे आप समान ।।४४२।।

लोहा पारस स्पर्श से कचन भई तलवार ।
तुलसी तिनों न मिटे धार मार आकार ।।४४३।।

ज्ञान हथौड़ा हाथ लेई सद्गुर मिले सुनार ।
तुलसी तिनों ना मिटे धार मार आकार ।।४४४।।

कन्या हुई उत्पन्न ज्यों त्यों चित पर चिन्ता चढ़ी ।
किस को इसे दूंगा बड़ी यह तर्कना हरदम बढ़ी ।।४४५।।

हँस गये घर अपने कागा भये दीवान ।
जा विप्र घर अपने सिंह किस के यजमान ।।४४६।।

तुलसी मीठे बचन ते सुख उपजत चहुँ ओर ।
वशीकरण एक मन्त्र है तज दे बचन कठोर ।।४४७।।

खाय पकाय लुटाय देकर ले अपना काम ।
चलती बिरियाँ का रे नरा संग न चले छदाम ।।४४८।।

सौ पापन का मूल है एक रुपया रोक ।
साधु होय संग्रह करे मिटे न सयम शोक ।।४४९।।

गर्ज से अर्जुन क्लीब भये अरु गर्ज से गोबिन्द धेनु चरावें ।
गर्ज से द्रोपति दासी भई अरु गर्ज से भीम रसोई बनावे ।
गर्ज बड़ो तीन लोकन में कछु गर्ज बिना कोई आवे न जावे ।
कवि गंग कहे सुन शाह अकबर से गर्ज बीबी गुलाम रिझावे ॥४५०॥

गंग प्रवाह्य को नीर पियों तब कूप को नीर पियों न पियो ।
अब हिरदे प्रभु नाम बसा तब और को नाम लियों न लियों ।
पुन्य संयोग सुपात्र मिले तब कुपात्र को दान दियो न दियो ।
कवि गंग कहे सुन शाह अकबर मूर्ख मित्र कियों न कियों ॥४५१॥

बाल से ख्याल बड़े बिरोध अरु चंचल नार से न हँसिये । ।
आग से राग योगी अजान के नीर में नाधसिये ।
जुवारी की प्रीत जान को साथ चोर को जान के ना फसिये ।
कवि गग कहे सुन शाह अकबर क्रूर से दूर सदा बसिये ॥४५२॥

तज रे मन राम गवारन को जहाँ हेत प्रतीत नहीं हर की ।
चंचल चोर कठोर बसे परब्राह्य नहीं परमेश्वर की ।
परताप करें पिंड पाप भरे कथा न सुने ज्ञानी नर की ।
परमार कहे फिटकार पडों जहाँ लाज मर्याद नहीं गुरु की ॥४५३॥

तारा की ओट से चान्द छिपे नहीं भाण छिपे नहीं बादल छाया ।
चंचल नार का नयन छिपे नहीं पूत्र छिपे नहीं बात बनाया ।
सूरवीर छिपे नही रण चढयां दातार छिपे नहीं घर मगना आया ।
योगी छिपे नहीं बभूत रमायां अनेक करों पण कर्म छिपे नहीं बभूत लगायां ॥४५४॥

जीवन की करुणा मन धार ।
यह सब धर्मों का है सार ॥४५५॥

लोहा अकेला पेड़ (वृक्ष) को कब काट सकता है भला ।
जब तक कि लकड़ी का हथेला हो नहीं उसमें सला ॥४५६॥

रामदास को राम मिले हैं सैलानी को कुण्डा ।
संत सदा यह सच्ची माने झूठी माने गुण्डा ॥४५७॥

चकवा चकवी दो जने इन मत मारो कोय ।
यह मारे करतार के रैन बिछवा होय ॥४५८॥

प्रेम पियाला जो पिये शीश दक्षिणा देय ।
लोभी शीश न दे सके नाम प्रेम का लेय ॥४५९॥

उरग तुरंग नारी-नृपति नीच जात हथियार ।
रहिमन इन्हें संभारिये पलटत लगे ना देर ॥४६०॥

बिस कुसंग चाहत कुशल यह रहीम जिय सोंस ।
महिमा घटी समुद्र की रावण बस्यों पड़ोंस ॥४६१॥

रोटी की परछाहिं पर गया लपक कर स्वान ।
डूब गया जल धार में तजा लोभ बश प्राण ॥४६२॥

बन् मर ऐसी क्षमा किस काम की ।
क्षमी होती है जहां बल धाम की ॥४६३॥

फूट उपजे जिस कुल में वो कुल नष्ट हो जाता है ।
वो बाँस की रगड़ से सारा बन जल जाता है ॥४६४॥

अरे रावण तू धमकी दिखाता किसे ।
मुझे मरने का खौफ़ खतर ही नहीं ।
मुझे मारेगा क्या अपनी खैर मना ।
तुझे होनी की अपनी खबर ही नहीं ।।४६६।।

नारी बीच सारी है कि सारी बीच नारी है ।
नारी ही की सारी हैं कि सारी ही की नारी है ।।४६६।।

खेल गया बरच्छा गया तीर तलवार ।
घड़ी छड़ी चश्मा चहत अगिन के हथियार ।।४६७।

सदा जो पाप ही की वासना में दिन बिताते हैं ।
न आकर वे यहाँ पल एक सुख शान्ति पाते हैं ।।४६८।।

दुर्भाग्य की प्रबलता टलती नहीं है ।
सदबुद्धि की कुछ वहाँ चलती नहीं है ।।४६९।।

बसया हुआ दुनियाँ से पूरा दुष्ट का अब अन्त अल ।
दे चुका सौ गालियां और पा चुका उसका येह फल ।४७०।।

उसी गली में पूत है उसी गली में भूत
राम महावीर भजे सो पूत है नहीं तो भूत का भूत ।।४७१।।

सद्धर्म का संदेशा प्रत्येक नारी नर में ।
सर्वस्व भी लगाकर फैला दो विश्व भर में ।।४७२।।

आंखों पे तनेगा जाला नाक से बहेगा नाला ।
लाठी से पड़ेगा पाला जरा जिन्दगानी में ।

खड़े खड़े वस्त्र में करोगे मल मूत्र त्याग।
पड़े पड़े थूकते रहोगे पीकदानी में।
भक्ति क्या करोगे तुम, शक्ति न रहेगी जब तन में।
राम राम बोलने तुम्हारी बन्द बानी में।
अतः योग से योग कर और भोग से वियोग कर।
कर लो भजन भगवान का भर जवानी में ॥४७३॥

जिहि के ढिग गंग तरंग बहे तिहि कूप तड़ाग पिया न पिया।
जिहि के उर में हरि नाम बसे तिहि और का नाम लिया न लिया।
जिहि के भाग्य सों आन सुपात्र मिले सो कुपात्र को दान दिया न दिया।
कवि गंग कहे सुन शाह अकबर मूर्ख मित्र किया न किया ॥४७४॥

टका करे कुल हुकम टका मिरदंग बजावे।
टका चढ़े सुर पाल टका सिर छत्र धरावे।
टका माँ अरू बाप टका भैयन को भैया।
टका सांस अरू ससुर टका सिर लाड लडैया।
अब एक टके बिन टकटका रहत लगावे रात दिन।
बैताल कहे विक्रम सुनों धिक जीवन एक टके बिना ॥४७५॥

वे बहुत बुरी है शराब लोगों दे दीं अकल ते होश उड़ा भाई।
फीम बिच मैदान दे दमा दे दीं ढोढ़ा सारा सुखावेंदा मास भाई।
भंग पीन दाढ़ी झूठा होक्का चरस आंखियां मार दी आस भाई।
शेरूराम चंडू जिन्हें मादक पीता ओनें नहीं जवानी की आस भाई ॥४७६॥
ज्ञानी हँसे नायनों में पण्डित हँसे मुख कज।
साधु हँसे हृदय में खिड़ खिड़ हँसे निर्लज्ज ॥४७७॥

हाड बड़ा तो हरि भजन कर द्रव्य बड़ा तो कछु दे।
अकल बड़ी तो उपकार कर जीवन का सुख (फल) यह ।।४७८।।
भू भली तो बाडी भली तकला भला तो सूत।
माँ भली तो धी भली पिता भला तो पूत ।।४७९।।

जीभ जिन्दयाँ नूँ कानूँ मारनाई जेकर मोयाँ नूँ नहीं तो जीवान जोगा।
मिले दिलां नूँ कानूँ विछोड़नाई जेकर विछड़यां नूँ नहीं तू मिला न जोगा।
घर आये सवाली नूँ कानूँ घूरणाई जेकर हथों नहीं तू खैर पान जोगा।
गौर बदियां नूँ रख बन्दी खाने जेकर नेकी नहीं तूँ कामान जोगा ।।४८०।।

दमयन्ति सीता गार्गी लीलावती विद्याधरी।
विद्योत्तमा मंदालसा थी शास्त्र शिक्षा से भरी।
वसुमती महाशील की श्रृङ्गार गुणों की आगार थी।
चन्दन बाला तेज प्रताप की ज्योतिमयी शील की अनगार थी।
ऐसी विदुषी स्त्रिये भारत की भूषण हो गई।
धर्म व्रत छोड़ा नहीं गो जान अपनी खो गई ।।४८१।।

प्रभु स्मरण सो दुःख हरे चुप दुःख हरे हजार।
गुरु कृपा लख दुःख हरे सब दुःख हरे विचार ।।४८२।।
कच्चा घड़ा कुम्भार का ठोकर खाने से टूट जाय।
वह मित्र किस काम का जो वक्त आने फूट जाय ।।४८३।।

लाख आट पिङ्गल पढ़े तब तीन हीन।
ऊठवाँ बैठवाँ बोलवाँ लियाँ विधाता छीन ।।४८४।।

पशु की पनियाँ बने नर का कछु न होय ।
नर नर की करणी करे नर का नारायण होय ॥४८५॥

राम भजे आ काम करे आ नहीं किसी का डर है ।
परदेशियों के नगर वसे यहां नहीं किसी का घर है ॥४८६॥

नागण दंश करे कबी उपाय से जीवाय ।
परन्तु नारी दंश करे कबी न मिले उसका दवाय ॥४८७॥

आठ आठ पर आठ धारी अरु तिन तिन पर तिन ।
गिरी गुण तन्तु पसारि पसारि कर करू याद निशदिन ॥४८८॥

मूलार्थ—आठ आठ चौसठ और उसमे आठ मिलाये तो ७२ तीन लिया नव और तीन बार तो चौरासी होते हैं और गिरनाम १८, उससे गुणा तो तीन गुण्या तो चोवीश होते है और चोरासी एव चौवीश एक सौ आठ उसमें तन्तु नाम डोरा परों कर हाथ में लेकर रात दिन याद करता हूँ ॥

जो सिर काटे और का अपना रहे कटाय ।
धीरे धीरे नानका बदला कहीं न जाय ॥४८९॥

धरती गया राम की किस की न पुरी आश ।
कितना राम रमी गया कितना गया निराश ॥४९०॥

पुन मित्र तुझको देखता, हो गया लाख जन राख ।
एक दिन मानव आप, खुद जल बल होगा खाक ॥४९१॥

एक घड़ी आधी घड़ी आधी में पुनी आध ।
तुलसी संगत साधु की कटे कोटी अपराध ॥४६२॥

फरीदा तेरी दाढ़ी उत्तें आ गया बूर ।
अग्गू नेड़ा रह गया पच्छू रह गया दूर ॥४६३॥ सन्त फरीद

आधी काशी भांट-भडेरियां ब्राह्मण और सन्यासी ।
आधी काशीं रंडी मुंडी रांड खानगी खासी ।४६४॥

माला तो कर में फिरै जीभ फिरै मुख माहिं ।
मनुवा तो चहुं दिसि फिरै यह तो सुमिरन नाहिं ॥४६५॥

गुरू बिना कछु उगे नही भक्ति मुक्ति को मूल ।
पत्थर बोये खेत में रविदास फल नही फूल ॥४६६॥

नुगरा नर कोई मति मिलों रे, पापी मिलों रे हजार ।
एक नुगराना शीश पर लख पापी का भार रे ॥४६७॥

चंचल की बारह खडी

वीतराग वचन प्रमाण किया सदा पावेंगे आनन्दकारी ।
जिस दिन से सुमरा नवकारमंत्र उस दिन से सोच मिटी सारी ।
सब देवों के ऋषभ देव श्री आदिश्वर उपकारी ।
महावरी गौतम स्वामी के चरण कमल पर बलिहारी ।
चौसठ इन्द्र के पूजनीक हुए चौबीस जिनवर इक सारी
चौदह सौ बावन गणधर तारे अन्तपार किये संसारी ।
नौ बलदेव हुए नौ प्रति वासुदेव बारह हुए चक्कर धारी ।
नौ वासुदेव हुए कृष्ण सरीखे मुकुटबन्ध योधा भारी ॥१॥

चौथे काल में चक्रवीधर हुए तरेसठ अवतारी ।
कथाकार सब रीति जगत की, दिनरात भजें सब नर नारी ।
दया धर्म एक जैन सब जीवों को साता कारी ।
मैं वंदू दो कर जोड़ साधु आरजा अनगारी ।
छः काया का रूप दिखाया, शुद्ध समता चित्त में धारी ।
जीव की उत्पत्ति जाने हैं, कहीं जीव न्यारी न्यारी ।
व्रत बाराह धारे नेम चौदह चितारे, यह जात श्रावक है हमारी ।
चंचल कहता अलम वाला, बिन श्रद्धा कैसे जिन वारी ।।२।।

अरिहंत बड़े बलवीर बड़े, देवन पतराज कहें देवा ।
संसार समुद्र से आप लाखों का पार करा खेवा ।
गौतम गणधर जात ब्राह्मण आप तिरे गये करके सेवा ।
चंचल कहता बारह खड़ी जैन धर्म एक उत्तम मेवा ।।३।।

क के काल खिलारी करे चीधा पे, कर्म काट मत देर लगावे ।
अनाद काल का फिरे जीव नहीं जन्म मरण का अन्त पावे ।
तिर्यंच नार की तरस देवता मनुष्य में करणी बन आवे ।
यों चिन्तामणी रत्न गवां के फिर पीच्छे से पछतावे ।
सतगुरु का चेलका कहता है नहीं बार बार नर देह पावे ।।१।।

ख से छोड़ो चार कषाय, क्यों तरफ देखता मन्दिर की ।
अनन्त वेदना सहीं नर्क में मार पड़े जहाँ जमघर की ।
तू बैठ किनारे ढूंढ रत्न कोई लग जाय झाल समंदर की ।
ऋषभदेव की वाणी सरधो पूंछ ले गौतम गणधर की ।
सतगुरु का चेला कहता है अब बेड़ी कटे कलंदर की ।।२।।

गगे गर्भ गुमान करे मत धन योवन कोई दिन का है ।
पल पल में कइ हवा पलटती नहीं भरोसा क्षरण का है ।
सब मतलब के लोग संघाती तेरा कौन तू किन का है ।
जो तू सुकृत चाहे आगाड़ी भजो नाम श्री जिनका है ।
सतगुरु का चेलका कहता है भाई बड़ा रोकना मन का है ।३।।

घघे घर से दूर रहा कर छोड़ सकल मन से ममता ।
जो तू पड़ेगा इस के पेचा में लख चौरासी फिरे भ्रमता ।
तू सात कुविसन सेवें पाँचों इन्द्री को नहीं यहां बरजता ।
बुरी भली सर पड़े तेरे नहीं मेरा कहा चित्त में जमता ।
वर्द्धमान हुवे अनन्तबली नहीं वेद कर्म उनसे टलता ।
सतगुरु का चेलका है मुक्ति में गये आप करके समता ।।४।

ङाङे मेट इस चाल को तेरी सदा इसी में लाली है ।
दिन रात चले तेग कतल की ना कोई अपना वाली है ।
सब के ऊपर बजे वार फिर एक दिन मंदिर खाली है ।
दस दिन की करे थाम सहार कोई ऐसी नहीं दलाली है ।
भाई बन्द और कुटम कबीला मतलब की घर वाली हैं ।
खट रस खाय के खोया खजाना अपनी काया पाली है ।
सतगुरु का चेलका कहता हैं तुमको आगे ठेठ कंगाली है ।। ।।

चचे चला चली का सौदा यहां कब कब के सामान करे ।
कोई नहीं सास्ती वस्तु सदा काहे के ऊपर द्वन्द्व युद्ध करे ।
लगी पाप की छींट तुझे यों चारों गति में लिये फिरे ।
नौ बाड़ बना रख शीलरत्न किले के परली पार करे ।
सतगुरु का चेला कहता है जब इन्द्र भी जय जय कार करे ।।६।।

छछे छल बल क्या करता दिन रात काल जाय है बीता ।
छल बल में खोज मिटा रावण का जाय हरी बन में सीता ।
छल बल मे कैरों पाण्डव खपे जहाँ महा भई गोती हत्या ।
कौनक ने मुश्का बांध पिता की पिंजरे में मूंदा जीता ।
गद्दी ऊपर आप बैठ गया मुनि जिनन्द गावें गीता ।
सतगुरु का चेलका कहता है जब हाथ झाड़ चला रीता ।।७।

जजे जग करों कर्मों सेती, तप की कस के तेज पकड़ ।
संयम रुपी पहर सजोधा, क्यों झूठे झगड़े रहा झगड़ ।
ज्ञान का घोडा पास तेरे, संग लेके तू सम्मुख लड़ ।
मोहजाल कुविसन चार कषाय, एक मन से काटों इनकी जड़ ।
सतगुरू का चेलका कहता हैं आनन्द किले मे चलके वड़ ।।८।।

झझे झाड लगे ममता के इन का बुरा चिपटना है ।
इन झाडों को झाड़ यहां फिर पीच्छे मुश्किल छूटना हैं ।
दया धर्म की बांहा पकड ले, संयम सेती जुटना है ।
राग द्वेष तेरे बैरी आदि के बड़ी व्याधन कुटना है ।
सतगुरूका चेल का कहता हैं इन सेती सन्मुख जुटाना हैं ।।९।।

टटे टूटी नहीं जुड़े क्यों धक्के खाता फिरे मती ।
ये कह गए भगवान, आयुष्य घटती बढ़ती नहीं एक रती ।
जिसको श्रद्धा नही धर्म की, भोगले फिरते चारों गति ।
जो उनके नाम पर बैठ गया दुनियां से होके यति सती ।
सतगुरू का चेलका कहता है उन नहीं आवे आंच एक रती ।।१०।।

ठठे सब ठाठ निकम्मे इन्हें बिगड़ते देर नहीं ।
ठाठ देख अमरापुर के जहाँ भूख वेदन प्यास नहीं ।
जन्म मरण नहीं काया बुढ़ापा, रोग सोग वियोग नहीं ।
अनन्त ज्ञान मे मरन हार उन सुखों का आर पार नहीं ॥११॥

वो बैठे सबको देख रहे वहाँ नेकी बदी से काम नहीं ।
वहाँ सदा काल इक सार समय बीतता दिन रात तिमिर अंधेर नही ।
सतगुरू का चेलका कहता हैं वहाँ किसी दुआ सलाम नही ।।१२।।

हड़े डोवेंगी जो नार तुझे क्या इसकी तरफ लखाता है ।
चलती चोट करे नयनों की जैसे नाग डंक लगाता है ।
दिन रात बोलता फिरे तड़फता, जख्म कहीं नहीं पाता हैं ।
जैसे मैल पे मक्खी फसे बैठ के फिर उड़ा नहीं जाता ।
जीते में अपयश होय जगत मे लुच्चा ढेड कहाता हैं ।
सतगुरू का चेलका कहता हैं, शील बिन आदर कहीं नहीं पाता ।।१३।।

ढुढे ढब सर चाल चले जा, इस में सदा सुख लाला है ।
जो कोई झूठा कलक लगावें उसे मालिक रखने वाला है ।
विजय कुंवर विजय कुमारी ने योवन में शील संभाला हैं ।
बारह वर्ष लो रहे महल में एक सिज्यांशील जो पाला है ।
सतगुरू का चेलका कहता हैं मुक्ति में कभी नहीं टाला है ।।१४।

गणे रण में लड़ता भिड़ता अबलों नहीं अपकाया हैं ।
लाखों के शीश काट आया, लाखों से शीश कटाया है ।
शर्म नहीं एक मन होकर, ज्ञानवान नहीं कहाया है ।
कर्मों को बांधा जीव तेरा, उनको किस ने छुटाया हैं ।
सतगुरू का चेलका कहता हैं तुझे कू गुरू ने भरमाया है ।।१५।

तते तन से करो तपस्या, कर्म दग्ध हो जाते हैं।
गंगा जमना क्यों जाते, यहाँ शील स्नान बताते हैं।
इन्द्री जीत करो मन वस में, फिर भग में नहीं आते हैं।
अभय दान एक जीव दया से पत्थर भी तिर जाते हैं।
सतगुरू का चेलका कहता हैं उन्हे देवन पति शीश निवाते हैं ॥१६॥

थथे थाम नही थमे यों सिर पे काल गरजता हैं।
हा हा कार विछोवा हो रहा, सुनकर हिया लरजता है।
ते पाँचों इन्द्री सम्पूर्ण पाई, मन को क्यों ना बरजाता है।
दिन रात आकांक्षा निष्फल जाती, बैर भाव नहीं गलता है।
बारह भेदी करो तपस्या कर्मों का बन्धन जलता हैं।
सतगुरू का चेलका कहता हैं काल बिना लिये नहीं टलता है ॥१७॥

ददे दरपन में दिल दरशा रहा मत देख हुस्न गर्भ मन में।
इस योवन का इतवार नहीं, न जाने क्या होगा छिन में।
सन्त चक्री ने मान किया, सोलह रोग व्यापे तन में।
साढ़े तीन करोड काया के रोम, दो दो विकार लगे जिनमे।
यह आदम का ढका ढोल, ज्यों घोड़ा फिरे भागा रण में।
पर पुद्गल में लिप्त मान हुआ अन्ध कूप भूला बन में।
सतगुरू का चेलका कहता है तेरे एक दिन लूट पड़े धन में ॥१८॥

धधे धन दौलत ठाठ सभी तेरे पुण्य के साथ लगे भागे।
पुण्य बिना छाजा धारी रङ्क से हो गये बड़े बड़े राजे।
पुण्य बिना टुकड़े में लाचारी पुण्य से माल छिके ताजे।
पुण्य से चक्री छः खण्ड साधे चारों खूंट बजे बाजे।

बतीस सहस्र मुकुट बन्द राजे देव करें मन से काज ।
सतगुरु का चेलका कहता है सब पुण्य से ठठ कुटुम्ब साधे ॥१९॥

न ने नाता निस्बत जब लों तन्दुरुस्ती चङ्गी हैं ।
जब लग वह माल कमावे कुटुम्ब कबीला सङ्गी हैं ।
दोनों हाथों ताल बजावें दुनियां बड़ी दुरङ्गी है ।
वृद्ध भया इन्द्री भई हीन बड़ा बुढापा जङ्गी है ।
सतगुरु का चेलका कहता है जब टुकड़े मे भी तङ्गी हैं ।
प पे पैसा पास हैं इतने दुनियां में खातिरदारी है ।
बिन पैसे कुछ इतबार नहीं बिन पैसे जगत भिखारी है ।
बिन पैसे यार आवें नहीं पैसे की साथन नारी हैं ।
बिन पैसे मान सभी झूठा उनका नहीं आदर जारी है ।
बिन पैसे साधु सर्व सुखियां सदा उनको आनन्दकारी है ।
पैसे ही का ठाठ जगत मे पैसा खेल खिलारी है ।
सतगुरु का चेलका कहता है बिन पैसे कुटुम्ब ख्वारी है ॥२०॥

फ फे फ़िकरमन्द को नींद न आवें वे किकरारसा कूदे हैं ।
निर्धन पुरुष जग में दुखियां कोई बात ना पूछे हैं ।
अजब बाग में देख तमाशा पेट भरे सब सूझे हैं ।
एक वक्त नहीं पड़े पेट में तुरत फूल सा बूझे हैं ।
सतगुरु का चेलका कहता है छिकने पे बात सभी सूझे हैं ॥२१॥

ब बे ब्रह्म लोक में देख तमाशा वहां शुद्ध हो के जाना है ।
गंगा जमना गहें गगन नाहलों जिसको नहाना है ।
शील वासना कोसी चन्दन लाके, मस्तक तिलक चढ़ाना हैं ।

यहाँ पर भी नहीं आवें हाथ में फिर पीछे से पच्छताना है।
सतगुरु का चेलका कहता है ब्रह्म ते अपना नहीं पहचाना है ।।२२।।

भ भे भाईबन्द और कुटुम्ब कबीला सब अपने सुख का साथी हैं ।
जब सिर पे नौबत आन बजै तब किसी की ना पार बसाती हैं ।
दुनियाँ देख चैन की बाजी क्यों अक्ल भरमाती है ।
दिन दस का सौदा साथ तेरे जैसे बादल में धूप छिप जाती हैं ।
सतगुरु का चेलका कहता है खा़क में सबको मौत मिलाती है ।।२३।।

म मे मात पिता की सेवा करले यही बात है जग में खासी ।
साधु सत के दर्शन करके सब कट जाय यम की फांसी ।
तीर्थ व्रत इन्द्री के बीच में वहे गंगा और शिवकाशी ।
दुनियाँदारी का छोड़ ख्याल बैकुण्ठपुरी का हो वासी ।
क्यों अपने मन में गर्भ रहा तेरे से करता काल सिर पे हाँसी ।
सतगुरु का चेलका कहता हैं सदा तू रहने नहीं पाता यहां बासी ।।२४।।

र रे रेख कर्मन के लेकर हार गये हैं चक्रधारी ।
हुआ रामचन्द्र को बनो वास गाये सीता लक्ष्मण अवतारी ।
बारह वर्ष लों फिरे बन में साथ (गैल) हुए कौतक भारी ।
कृष्ण वासुदेव हलधर के क्या क्या कर्मों ने विपदा डारी ।
छप्पन करोड़ खपे जाके उनकी फूँक दी नगरी सारी ।
हरिश्चन्द्र राजा ने सहे ताप बेच दी अपनी नारी ।
आप नीच घर नीर भरा ठाई बारह वर्ष तावेदारी ।
सतगुरु का चेलका कहता हैं लिखी करतार की टरे नहीं टारी ।।२५।।

ल ले लख सामधानी बानी चलाय हो गये पण्डा ।
अनन्त वासुदेव चक्री हो गये फट गया उनका झण्डा ।

निर्वाण प्रनन्त गई चौबीसी अन्त पार कर दिया बन्दा ।
चौदह राज भवन बीच नित्यों काल फिरता फंदा ।
पकड़ के कलगी लेगा खींच यहां का यहां पड़ा रहे धंधा ।
सतगुरु का चेलका कहता हैं आदि में हुआ फिर मूर्ख अन्धा ।।२६।।

व वे बाबा करे मत ना नहीं भरोसा एक पलका ।
हम देख चुके अच्छी तरियां सब झूठा जग में पेशा ।
पांच कामनी ला ला कर रहीं, हर दम यही कलेसा ।
सतगुरू का चेलका कहता है मुझे उस दिन का बड़ा अंदेशा ।।२७।।

स से शरण आये को दिये साथ काग़ज करिये उसके मन का ।
जो परमार्थ में खपे शीश बैकुंठ बास होगा उनका ।
असली के हरदम याद रहे जो उनपर से तारे तिनका ।
एक पैर के नीचे ससा रख के मरण पाया हाथी बनका ।
एक भव लेक मुक्ति जायगा, सुख पावे बैठा उस दिनका ।
मेघ रथ राजा ने राख्या कबूतर दिया मांस अपसे तनका ।
सतगुरु का चेलका कहता हैं तीर्थंकर गोत्र बन्धा उनका ।।२८।।

हा हे सब में हवा निकलती छिन में माल बिगाना है ।
आते जाते मंजिल पड़ेगी क्या जाना (नियाना) क्या स्याना है ।
इतने रहती आन बनी यहां इतने सबको चाहना हैं ।
तप स्नान वहे दिल गंगा इस पर सत का न्हाना हैं ।
यहां डूबे पीछे पता लगे नहीं जो दिल में बेईमाना हैं ।
धीरज धर के पार उतर चल, बिना वैद्य दुःख आना हैं ।
उसी देश की हवा माफक, सुखी मौज गलताना है ।

निर्भय होके चैन करे जा, अँची जगह फिर ठिकाना हैं ।
सतगुरु का चेलका कहता हैं ज्योत में सबको ज्योत मिलाना है ।।२९।।

ओ ओं ॐकार कहों सब बिपदा व्याध तन की भागे ।
इन्द्री के फाटक खोल देख के केवल ज्ञान भीतर जागे ।
एक दिन में कई कई समय पलटते, एक एक दिन बीते तेरे आगे ।
जिनों के सिर पर काल गरजता, कैसे आंख उनकी लागे ।
सतगुरु का चेलका कहता है आगाडी सभी जीव बदला लेंगे ।।३०।।

आ आरो बैठे सुहागन सदा राख दिल राजे का ।
कलेश काट तलवार किले से दे पहरा दरवाजे का ।
कुछ बैठ सभा में ज्ञान कहो क्या तको सहरा बाजे का ।
गाना गवाना जारी इसका नाच कूद बे लिहाजे का ।
दुनियां छल की गांठ बसे, मत रखना झगड़ा साझे का ।
चंचल कहता एलम वाला पेशा करों बजाले का ।।३१।।

ई ईरी इक सारस मंगल दिन रात जो बाजे गोला ।
इन्द्र चन्द्र भवनपति, चले गये लाखों ढोला ।
इसके आगे हो लाचार सबको उठा ले गया झोला ।
झूठे झगड़े फिरे झगड़ता कोले से घिसता कोला ।
हिन्दु गंगाजल उठावें मुसलमान बीच देते मौला ।
सतगुरु का चेलका कहता है अब मैंने भी हृदय खोला ।।३२।।
ए ए रीं अरिहन्त को चित्त में राखों घड़ी घड़ी ।
आदेश्वर जग में आप भये आनन्द सुखों की ये पेढ़ी ।

निश्चिन्त बैठ के फेर कण्ठ से ये रत्न जटित लाखों की लड़ी ।
इन्द्री से तप्त बुझे तन की, जब आवन कैसी जावे झड़ी ।
सर पे डंका बजे काल का, पी सर जीवनी घोल जड़ी ।
घुर की टूटी नहीं जुड़े, अब क्या देखे बाट खड़ी ।
उस धर्म पुरी में तक बन्धा, जहाँ पाप पुण्य की तुले घड़ी ।
सब बदमाशी जाहिर होगी, नम्बर पर तेरी सूची पड़ी ।
चौंतीस अंक की कही दफ्तर में सुनों हिन्दी की बारह खड़ी ।
रतन मुनि का चेलका कहता है लिये फिरे सिर काल छड़ी ॥३३॥

चंचल रचित बारह खड़ी इति श्री ॥

धन धन राजा जनक हैं जिन स्मरण किये विवेक ।
एक घड़ी के स्मरण में पापी तरे अनेक ॥४६८॥ लखा सिंह

भूषण भोजन कर रहे थे । उन्होंने अपनी भुजायी से कुछ निमक मांगा तो भुजायी बोली—निमक मुफ्त नहीं आता । यह शब्द सुनकर बाता—लग गई । भूषण परोसी थाली छोड़ कर उठ बैठे "बोले अब कमाएँगे तभी खाएंगे । और कमाया तो कैसा कि केवल एक कवित्त पर ५२ हाथी ५२ गांव और ५२ लाख रुपये लेकर ही घर लौटे । कवित्त था—

इन्द्र जिमि जम्भ पर बाडव सु अम्भ पर ।
रावण सदम्भ पर रघुकुल राज हैं ।
पौन वारि वाह पर, शम्भु रतिनाह पर ।

ज्यों सहस्रबाहु पर राम द्विजराज है।
दावा द्रुमदंड पर चीता मृग झुंड पर।
भूषण वितुंड पर जैसे मृगराज है।
तेज तिम अंस पर, कान्ह जिमि कंस पर।
त्यों म्लेच्छ वंश पर शेर शिव राज है ॥४९९॥

ज्ञान बढ़े गुणवान की संगत ध्यान बढ़े तपसी संगत कीजे।
मोह बढ़े परिवार की संगत, लोभ बढ़े धन में चित दीने।
क्रोध बढ़े नर मूढ़ की संगत काम बढ़े तिरियां के संगत कीजे।
बुद्धि विवेक विचार बढ़े कवि सुसज्जन संगत कीजे ॥५००॥

ज्ञान गरीबी गुरु वचन, नरम वचन निर्दोष।
इनको कभी न छोड़िये, श्रद्धा शील संतोष ॥५०१॥

जैन धर्म को पाके वर्तें विषय कषाय।
मुझको अचम्भा भया जल में लागी लाय ॥६०२॥

दाता दाता चल बसे रह गये मक्खी चूस।
देने लेने में कुछ नहीं लड़ने में बेवकूफ मजबूत।
मात पिता धर्म गुरु, समाज भार सिर धार।
ऋण अदा जो न किया धिक मानवता का अवतार ॥५०३॥

सावन केरे प्रथम दिन उगत न दिखै भान।
चार महीना बरसै पानी या को है परमान ॥५०४॥

मूलार्थ—श्रावण मास के प्रथम दिन मे यदि उगता हुआ सूरज न दिखायी पड़े तब समझ लेना चाहिए कि चार महीना पानी बरसेगा यह बात आजमाइश की हुई हैं।

सावन शुक्ला सप्तमी लक छिप उगवें भान।
तब लग देव वरीसिंह जब लगि देव उठान ॥५०५॥

मूलार्थ—अगर श्रावण शुक्ल सप्तमी को आकाश में बादल रहें जिससे सूर्य कभी दिखायी दे और कभी छिप जाय तो उस साल देवोत्थान एकादशी (कार्त्तिक मास) तक वर्षा होती रहने की सम्भावना समझनी चाहिए।

भैरव मालव कौस कों दीप राग हिंडोल।
मेघ राज श्री राग कुन ये षट् राग कलोल ॥५०६॥

१ षड्ज, २ रिषभ, ३ गांधार, ४ मध्यम, ५ पंचम, ६ धैवत, और ७ निषाद।

गायत्री, गोविन्द, गौ, गीता, गङ्गास्नान।
इन पाँचों की कृपा से शीघ्र मिलें भगवान॥
ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप, वीर्यादिमगङ्गस्नान।
इन की कृपा से शीघ्र होवे मोक्ष प्रस्थान॥
दिन में रोजा रखते, रात में काटतें गायें।
एक बन्दगी फिर रिन्द[1] के रिन्द कैसे खुशी खुदायें॥
एको भक्खें सुलखनी जैसे नभ बीच तारे।
झुक झुक करें सलामां जो दो आँखां वाले॥ रणजीत सिंह

---

१ शराबी